* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 119

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# रामेश्वर, आलमगीर, बन्ना और बादल के मंत्री बनने से 12 विधायक नाराज

- आठ दिल्ली गयी, चार विधायक आज जायेंगे
- राजेश ठाकुर और मंत्री बसंत सोरेन ने नाराजगी दूर करने की कोशिश की
- पार्टी ने बातचीत के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया



## ये विधायक हैं नाराज

नाराज विधायकों में राजेश कच्छप, जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, भूषण बारा, नमन विक्सल कोंगड़ी, रामचंद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, अंबा प्रसाद, दीपिका सिंह पांडेय और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल हैं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। चंपाई सरकार में मंत्री पद नहीं मिलने से कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक नाराज हैं। इन विधायकों ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले और बाद में भी बैठक की। इसके बाद शनिवार को भी नाराज विधायकों की बैठकों का दौर जारी रहा। देर शाम नाराज 12 में से 8 विधायक दिल्ली गये। बांकी रविवार को जायेंगे। वहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई मंत्री बसंत सोरेन को नाराज विधायकों को मनाने में सफलता नहीं मिली। उधर, पार्टी नेतृत्व ने नाराज विधायकों से बात करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के विपक्ष के नेता उमंग सिंगार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वह सभी बागी विधायकों से बात करेंगे और नाराजगी दूर करने का प्रयास करेंगे।

**पूर्व मंत्रियों को जगह देने से है नाराजगी :** नाराज विधायकों ने एक स्वर में कैबिनेट में शामिल हुए मंत्रियों को रिपीट नहीं करने की बात कही है। कई विधायक अपने लिए मंत्री पद की भी मांग कर रहे हैं। विधायकों का कहना है कि कांग्रेस के चारों मंत्रियों रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता और बादल ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। चंपाई सरकार में नये चेहरों को मंत्रिमंडल में मौका मिलना चाहिए, ताकि वे अपनी योग्यता साबित कर सकें। विधायकों ने कहा कि यदि कांग्रेस कोटे के चार मंत्रियों को बदला नहीं गया, तो वे बजट सत्र के दौरान झारखंड से बाहर चले जायेंगे। नाराज विधायकों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को एक पत्र भी सौंपा है। इन विधायकों का कहना है कि हेमंत सोरेन की सरकार में शामिल इन चारों मंत्रियों की परफॉर्मेंस बेहद खराब रही है। उन्होंने चार साल में कभी पार्टी के दूसरे विधायकों की नहीं सुनी। अब फिर से बनी कैबिनेट में उन्हें जगह दी गयी है, अगर बदलाव नहीं हुआ तो आगामी चुनावों में पार्टी को काफी नुकसान होगा। कांग्रेस के नाराज विधायकों की शनिवार को एक स्थानीय होटल में बैठक हुई। यहां मंत्री बसंत सोरेन उनसे मिलने पहुंचे थे। इसके बाद देर शाम कांग्रेस के नाराज 10 विधायक दिल्ली रवाना हो गये। चर्चा है कि कांग्रेस विधायक दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं से मिल कर अपनी नाराजगी जाहिर करेंगे। अगर इनकी नाराजगी दूर हुई तो वे रांची लौटेंगे। मामले का हल नहीं निकला, तो जयपुर जायेंगे। वहां आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

**प्रदेश नेता नहीं कर सके नाराजगी दूर:** विधायकों की नाराजगी दूर करने की स्थानीय स्तर पर पूरी कोशिश की जा रही है। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी नाराज विधायकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है। मंत्री बसंत सोरेन भी शनिवार शाम को नाराज विधायकों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने भी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। अब नाराज विधायक खुल कर बयानबाजी कर रहे हैं।

## विधायकों ने क्या कहा

“सभी एकता प्रदर्शित करने के लिए जयपुर या बेंगलुरु जा सकते हैं। -इरफान अंसारी

“सभी विधायकों ने अपनी भावना से पार्टी नेतृत्व को अवगत करा दिया है। नाराज विधायकों के दूसरे स्टेट में जाने और बजट सत्र के बहिष्कार का ऑप्शन खुला है। -दीपिका पांडेय सिंह

“चुनाव के दौरान जनता के बीच जाना है। ऐसे में अगर काम बेहतर नहीं होगा, तो वह कैसे जनता का सामना करेंगे। - अंबा प्रसाद

“हम अपनी बातों से और अपनी चिंता से आलाकमान को अवगत कराना चाहते हैं। पार्टी नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के फैसले के सम्मान में हम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। अगर हमारी मांगें नहीं मानीं गयीं, तो हम 12 विधायक विधानसभा नहीं जायेंगे। -अनूप सिंह

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गये दिल्ली



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को दिल्ली गये। उनके साथ झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी दिल्ली गये हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दिल्ली गये हैं। मुख्यमंत्री सरकार गठन के बाद पहली बार दिल्ली गये हैं। वह दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। इस मुलाकात के दौरान झारखंड कांग्रेस विधायकों की नाराजगी के अलावा लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## कांग्रेस विधायकों की नाराजगी में झामुमो भी फंसा

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस विधायकों की नाराजगी की छाया में झामुमो भी फंस गया है। 12वें मंत्री के लिए झामुमो ने विधायक वैद्यनाथ राम को चुना था। कांग्रेस विधायकों की नारजागी की वजह से उन्हें राजभवन के रास्ते से वापस बुलाया गया। कांग्रेस की ओर से 12वें मंत्री के पद पर भी दावा किया जा रहा है। उधर, वैद्यनाथ राम भी सख्त नाराज हैं। वैद्यनाथ राम ने बताया कि शपथ लेने के लिए वारंट जारी हो गया था। वह राजभवन जा रहे थे। रास्ते में फोन कर उन्हें सीएमओ में बुलाया गया और ड्राप करने की जानकारी दी गयी। यह अपमानजनक है। उन्होंने कह दिया है कि एक-दो दिन में वह कुछ फैसला लेंगे। हालांकि फिलहाल पार्टी छोड़ने की बात नहीं कही है, लेकिन विधानसभा सदस्यता से त्यागपत्र देने का संकेत जरूर दे दिया है। उधर, पूर्व मंत्री जोबा मांझी भी नाराज चल रही हैं।






## न्यूज रील्स

### कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने को लेकर अटकलें तेज हैं। इस बीच कमलनाथ, इपने बेटे नकुलनाथ के साथ दिल्ली पहुंच गये हैं। उन्होंने भाजपा में जाने के मीडिया के सवाल पर इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि आप सभी उत्साहित क्यों हो रहे हैं? ऐसा कुछ होता है तो मैं आप सभी को सूचित करूंगा। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ दोनों का भाजपा में जाना लगभग तय ही है। उधर, कांग्रेस ने कमलनाथ और नकुलनाथ का इस्तीफा मिलने से इंकार किया है।

### गुलजार और रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार

नयी दिल्ली। उर्दू के मशहूर गीतकार व कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 2023 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जायेगा। इस बात की जानकारी सेलेक्शन पैनल ने दी है। जहां गुलजार ने तमाम फिल्मों में गीत लेखन के अलावा गजल और कविता के क्षेत्र में मशहूरी हासिल की है। वहीं, जन्म से न देख पाने के बावजूद जगद्गुरु रामभद्राचार्य संस्कृत भाषा और वेद-पुराणों के प्रकांड विद्वान हैं।

### इसरो का इनसेट-3डीएस सैटेलाइट लांच

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को 10 साल तक मौसम की सटीक जानकारी देने वाले सैटेलाइट इनसेट-3डीएस को लांच किया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से शाम 5.35 बजे लांच किया गया। ये 19 मिनट 13 सेकंड में जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट यानी पृथ्वी की ऊपरी कक्षा में पहुंचा।

### भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू

# हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने हैं : नरेंद्र मोदी

- अधिवेशन में पार्टी के देशभर से 11 हजार से अधिक पदाधिकारी जुटे
- प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान 'मोदी है तो मुमकिन है' के लगे नारे
- नड्डा बोले, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जीता, बंगाल भी जीतेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस मौके पर पीएम ने कहा कि हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है। पिछले 10 साल के कामों का भी प्रचार करना होगा। उधर, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा हुआ है। भाजपा की 17 प्रदेशों में सरकार है। हमने राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता है। इस बार बंगाल में भी जीतेंगे।

अधिवेशन में पार्टी के देशभर से 11 हजार से ज्यादा पदाधिकारी जुटे हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रोडमैप तैयार किया जायेगा। दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर 'देव से देश, राम से राष्ट्र' बुकलेट सभी भाजपा प्रतिनिधियों को बांटी गयी। इसमें प्रधानमंत्री का वह संबोधन है, जो उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर दिया था।

अधिवेशन में राजनीतिक और आर्थिक प्रस्ताव पेश होने की संभावना है। राजनीतिक प्रस्ताव में मोदी सरकार के 10 साल की बड़ी उपलब्धियां गिनाते हुए 2024 के चुनाव में लगातार तीसरी जीत का अपना रोड मैप पेश किया जायेगा। आर्थिक प्रस्ताव में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया जायेगा। अधिवेशन में राम मंदिर निर्माण धन्यवाद प्रस्ताव लाया जा सकता है।



## 400 का आंकड़ा केवल लक्ष्य नहीं: पीएम

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिले वोटों में कम से कम 370 वोटों बढायें। उन्होंने कहा कि जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें, बल्कि माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें। मोदी ने कहा कि विपक्ष तू-तू, मैं-मैं की राजनीति करेगा। अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा। हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है।

## मोदी के नेतृत्व में पिछला दशक उपलब्धियों भरा: नड्डा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गयी है। 2014 से पहले हमारी सिर्फ पांच प्रदेशों में सरकारें थीं और लंबे समय तक हम पांच-छह पर रूके हुए थे। 2014 के बाद, आज 17 प्रदेशों में एनडीए की सरकारें हैं और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि सात दशक के भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में हमने हर कालखंड ?देखा है। हमने संघर्ष का काल देखा है, हमने आपातकाल देखा है। लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछला दशक जो गुजरा, वह उपलब्धियों से भरा हुआ है।

# कनीय अभियंता ने की आत्महत्या


- अपने घर में लगायी फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा आवासीय कॉलोनी क्वार्टर नंबर 1इ/2 टाइप क्वार्टर में शुक्रवार रात ड्यूटी से आने के बाद गोला प्रखंड के जूनियर अभियंता सुधांशु कुमार सिन्हा (29) ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वह संविदा के आधार पर गोला प्रखंड में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने संभवतः मानसिक तनाव के कारण पंखे से लटक कर फांसी लगा ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधांशु कुमार का दरवाजा शनिवार सुबह देर तक नहीं खुला था। क्वार्टर के आसपास के लोगों ने दरवाजा खटखटाया और आवाज भी लगायी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। रजरप्पा थाना के नवीन कुमार पांडेय दल-बल के साथ क्वार्टर पहुंचे। उन्होंने सभी के साथ मिल कर दरवाजा तोड़ा तो अंदर जूनियर इंजीनियर के शव को पंखे से झूलता पाया। पुलिस ने इसकी सूचना प्रखंड के अधिकारियों को दी। गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी वहां पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त की। इसके बाद घटना की सूचना मृतक सुधांशु के परिजनों को दी गयी।

मृतक का पैतृक गांव भुरकुंडा क्षेत्र चिकोर गांव में है। घटना के लगभग चार घंटे बाद मृतक के मां, भाई समेत अन्य परिजन वहां पहुंचे। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। रामगढ़ डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक मिंज की देखरेख में फंदे से लटका हुआ मृतक इंजीनियर के शव को उतारा गया। डीएसपी की उपस्थिति में रजरप्पा पुलिस ने पंचनामा किया। उसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए परिजनों के साथ रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# अपराधियों ने मारने के बाद शव को रेल पटरियों पर फेंका

- केंदपोसी रेलवे स्टेशन स्थित रेल पटरी पर मिले चार शवों की सच्चाई
- पेड़ से बांध कर की थी पिटाई, आत्महत्या का रूप देने की कोशिश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जगन्नाथपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव के टुंगूवासा में एक दर्दनाक हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या करने की योजना बनायी थी। योजना के अनुसार अपराधियों ने पहले दो मासूम बच्चे को बोरा में बांध दिया, फिर महिला और पुरुष को गांव के पास जंगल में एक पेड़ में बांध कर जम कर पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गयी। इस दौरान 14-15 साल की उनकी बेटी अपराधियों के चंगुल से बच कर किसी तरह जान बचा कर भागी। बच्ची अपने भाई-बहनों और अन्य लोगों की हत्या देख अब तक सहमी हुई है।

गौरतलब है कि शनिवार सुबह केंदपोसी रेलवे स्टेशन स्थित रेल पटरी पर एक पुरुष, महिला और दो बच्चे की लाश बरामद हुई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। शव को देख कर आशंका जतायी जा रही थी कि हत्या के बाद इन्हें वहां फेंका गया था। घटना की जांच जगन्नाथपुर अनुमंडल के एसडीपीओ राकेश नंदन मिंज कर रहे हैं।

**जुंबल सिंकू ने शव की पहचान की:** मामले का खुलासा तब हुआ, जब मृतका के पति का बड़ा भाई जुबल सिंकू घटनास्थल पर पहुंचा। उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतका मेरे छोटे भाई बिनू सिंकू की पत्नी है। इसके तीन बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या नहीं है। उनकी हत्या हुई है। उन्होंने पुलिस को घटना के बारे में सारी जानकारी दी और जान बचा कर बच्ची के थाना पहुंचने के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि पहले डायन बिसाही का आरोप लगा कर झगड़ा भी किया गया था, जिसकी लिखा पढ़ी गांव में मुंडा के समक्ष की जा चुकी है, मुझे एक हत्यारा का नाम पता है।

## मामले की जांच की जा रही है

जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ राकेश नंदन मिंज ने कहा कि अज्ञात अपराधियों ने हत्या को दूसरा रूप देने का प्रयास किया है। घटना स्थल का जायजा लेने से प्रतीत होता है कि किसी अन्य स्थान पर पहले हत्या की गयी है, उसके बाद शव रेल पटरी पर फेंका गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में कांग्रेस विधायकों ने उठाया बगावत का झंडा

## मंत्रिमंडल विस्तार होते ही 12 विधायकों ने पार्टी नेतृत्व को दे दी चुनौती

## पार्टी के चार मंत्रियों को हटाये जाने तक विधानसभा में प्रवेश नहीं करने की धमकी

**झारखंड में कैबिनेट के विस्तार के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के दूसरे सबसे बड़े सहयोगी कांग्रेस में बगावत के सुर उठने लगे हैं। कांग्रेस के 12 विधायकों ने खुल्लमखुल्ला एलान कर दिया है कि वे अपनी मांगों पर अब भी अड़े हैं। उन्होंने धमकी दी है कि यदि पार्टी कोटे के चार मंत्रियों को हटाया नहीं गया, तो वे विधानसभा में प्रवेश नहीं करेंगे। बागी विधायकों ने कहा है कि पार्टी आलाकमान के सम्मान में वे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे, लेकिन उनकी नाराजगी अब तक बरकरार है। झारखंड के कांग्रेसी विधायकों की इसी बगावत का नतीजा है कि राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए दोबारा झारखंड नहीं आये और छत्तीसगढ़ से दिल्ली लौटने के बाद बिहार चले गये। इससे पहले भी राहुल गांधी जब अपनी यात्रा के क्रम में झारखंड आये थे, तो पार्टी का कोई विधायक उनके साथ नहीं था। कांग्रेस ने अपने विधायकों को मस्ती करने भेज दिया था। दरअसल, पार्टी आलाकमान 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से ही झारखंड को लेकर लगातार 'आइ डोंट केयर' के मूड में नजर आ रहा है। पार्टी संगठन और विधायकों के बीच न कोई तालमेल है और न ही किसी को पार्टी अनुशासन की कोई चिंता है। पिछले चार साल के दौरान झारखंड कांग्रेस के भीतर जो कुछ हुआ है, उस पर एक छोटी किताब लिखी जा सकती है, इसलिए पार्टी विधायकों के इस ताजा बगावत से बहुत से लोगों को आश्चर्य नहीं हुआ है। लेकिन अब पानी सिर से ऊपर पहुंच गया है, क्योंकि इस बगावत का असर सरकार की सेहत पर पड़ सकता है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व के सामने इसे खत्म करने की चुनौती है। क्या है कांग्रेस के बागी विधायकों की मांग और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड की 16 दिन पुरानी चंपाई सोरेन कैबिनेट का विस्तार होने के साथ ही बड़ा सियासी भूचाल खड़ा हो गया है। सरकार में लगभग बराबर की सहयोगी कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों ने बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। उन्होंने पार्टी कोटे के चार मंत्रियों को कैबिनेट से हटाने की मांग करते हुए साफ कर दिया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं, तो वे विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होंगे। शुक्रवार 16 फरवरी को कैबिनेट विस्तार के साथ ही विधायकों ने बागी तेवर अपना लिये। बागी विधायकों में विधायक भूषण बाड़ा, अनूप सिंह, दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप, रामचंद्र सिंह और नमन विक्सल कोंगाड़ी आदि शामिल हैं। उनका दावा है कि प्रदीप यादव, पूर्णिमा नीरज सिंह और सोनाराम सिंकू का भी समर्थन उन्हें हासिल है। यानी चार मंत्रियों को छोड़ कर सभी विधायक एक साथ हैं। इन विधायकों को प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने समझाया भी है, लेकिन बात नहीं बनी है। विधायकों ने साफ किया है कि वे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के सम्मान में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपनी मांग से पीछे हट गये हैं। विधायकों ने राजेश ठाकुर को ज्ञापन देते हुए दो टूक कहा कि सभी चारों मंत्री बदलें, नहीं तो हम विधानसभा सत्र में नहीं जायेंगे। बजट सत्र से पहले पार्टी फैसला ले, नहीं तो राज्य से बाहर निकल जायेंगे। जानकारी के अनुसार पार्टी के 10 विधायक दिल्ली चले गये हैं।



### राहुल के फॉर्मूले की दिला रहे याद

ये विधायक कहते हैं कि राहुल गांधी ने अभी हाल ही में आबादी के अनुसार हक देने की बात कही है। यह फॉर्मूला झारखंड में क्यों लागू नहीं किया जा रहा है। विधायकों का कहना है कि राहुल गांधी के इन वादों और घोषणाओं के बाद कहा गया था कि कांग्रेस झारखंड में होनेवाले कैबिनेट विस्तार में इस फॉर्मूले को लागू करेगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और एक आदिवासी (डॉ रामेश्वर उरांव), एक अल्पसंख्यक (आलमगीर आलम), एक वैश्य (बन्ना गुप्ता) और एक सवर्ण (बादल) को दोबारा मंत्री बना दिया गया, जबकि अनुसूचित जाति और महिला की पूरी तरह उपेक्षा कर दी गयी। कुछ विधायकों का तो यहां तक कहना है कि केसी वेणुगोपाल इस राय के थे कि नौजवान विधायकों को मौका देना चाहिए, लेकिन अंतिम समय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिाकार्जुन खड़गे ने उसमें रोड़ा अटका दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव सिर पर है, ऐसे में मंत्रियों को बदलना पार्टी की सेहत के लिए ठीक नहीं रहेगा। कांग्रेस के नाराज विधायकों में से कुछ आलमगीर आलम पर ठीकरा फोड़ रहे हैं कि उन्होंने ही नये विधायकों को शामिल नहीं होने दिया।

### तो इसलिए राहुल दोबारा नहीं आये झारखंड

अब तो कहा जा रहा है कि राहुल गांधी इसी बगावत की आशंका के कारण अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ दोबारा झारखंड नहीं आये। बता दें कि राहुल गांधी को 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज से गढ़वा और पलामू के रास्ते बिहार के सासाराम जाना था। लेकिन वह अंबिकापुर से ही अचानक दिल्ली चले गये और फिर सासाराम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो गये। उस समय कांग्रेस की तरफ से कहा गया था कि वह दिल्ली में किसानों के आंदोलन में शामिल होंगे, उनसे बात करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हां, वह अपने मां के राज्यसभा से नामांकन कार्यक्रम में जरूर शामिल हुए। उनके झारखंड नहीं आने के पीछे वास्तविक कारण यही था कि विधायकों के बगावती तेवर का अंदाजा उन्हें हो गया था। इससे पहले इसी यात्रा के दौरान राहुल गांधी जब झारखंड आये, तो पार्टी का कोई विधायक उनकी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था, क्योंकि उस समय तमाम विधायकों की हैदराबाद में बाड़ेबंदी कर दी गयी थी। अब तो कुछ कांग्रेसी यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने ऐसा जानबूझ कर किया था, ताकि कोई भी विधायक राहुल गांधी से मिल कर दावेदारी पेश नहीं करे। कांग्रेसियों का कहना है कि जब चंपाई सरकार ने शपथ ले ली थी, तो फिर विधायकों को बाहर भेजने का क्या औचित्य था।

### खोखला हो गया है कांग्रेस का संगठन

दरअसल झारखंड कांग्रेस का संगठन 2019 का चुनाव जीतने के बाद से ही लगातार खोखला होता जा रहा है। पार्टी का हर विधायक मंत्री बनने को लालायित है, तो हर नेता को संगठन की कुर्सी चाहिए। कोई खुद की सरकार में मामला दर्ज होने से नाराज है, तो कोई अधिकारियों के व्यवहार से गुस्से में है। विधायकों की आम शिकायत है कि पार्टी कोटे के मंत्री उनका फोन तक नहीं उठाते। पार्टी का कोई भी विधायक या नेता किसी दूसरे नेता की नहीं सुनता है। हर कोई अपनी मर्जी से संगठन को चलाना चाहता है और चला भी रहा है। कांग्रेसियों की यहां तक शिकायत है कि बोर्ड-निगम में जिन लोगों को जगह दी गयी, उनमें से अधिकांश दूसरे दलों से आये लोग ही शामिल हुए हैं। पार्टी के प्रति समर्पित नेताओं की पूरी तरह से उपेक्षा की गयी है।

### तीन खेमों में बंटे हैं कांग्रेस विधायक

झारखंड के कांग्रेस विधायकों की गुटबंदी इतनी है कि हर गुट अपने राजनीतिक विरोधियों से मुकाबला करने की बजाय प्रतिद्वंद्वी गुट का पत्ता साफ करने की जुगत में लगा हुआ है। कांग्रेस के पहले गुट में विधायक इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हैं। यह खेमा कांग्रेस कोटे के सभी चार मंत्रियों से नाराज है और मंत्रियों को बदलने की मांग और नये लोगों को मौका देने के लिए आवाज उठा रहा है। कांग्रेस के दूसरे खेमे में महिला विधायक शामिल हैं। दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल हैं। इन चार विधायकों में से तीन महिला विधायक खुद की सरकार में अपने ऊपर मुकदमा दर्ज होने से नाराज हैं। सरकार में तव्वजो नहीं मिलने पर भी इनकी नाराजगी है। संगठन से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से भी ये नाराज चल रही हैं। कांग्रेस के तीसरे खेमे में कुछ अनुभवी और कुछ पहली बार जीतने वाले विधायक शामिल हैं, मसलन प्रदीप यादव, रामचंद्र सिंह, जयमंगल सिंह, भूषण बाड़ा और सोनाराम सिंकू। यह खेमा बाकी दो खेमों से कम आक्रामक है, पर खुद की उपेक्षा इसे कतई बर्दाश्त नहीं है। समय-समय पर चाहे संगठन की बैठक के दौरान या सरकार के अंदर खुद की उपेक्षा पर ये हंगामा मचा चुके हैं। खास कर ये खेमा 'साइलेंट किलर' के तौर पर काम कर रहा है। चौथा खेमा उन चार विधायकों का है, जो दोबारा मंत्री बने हैं।

### कांग्रेस के आगे है बड़ी चुनौती

कांग्रेस के अंदर की स्थिति से झामुमो भी चिंतित है। उसका चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि इस बगावत का सीधा असर सरकार की सेहत पर पड़ सकता है। दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव भी सिर पर है और यदि यही स्थिति बनी रही, तो भाजपा को रोकना असंभव हो जायेगा। इसलिए कांग्रेस नेतृत्व के सामने बड़ी चुनौती है, जिसका सामना वह कैसे करता है, यह देखनेवाली बात होगी।

---

## शहरी आजीविका पर राष्ट्रीय कार्यशाला

# आजीविका में नवीन रुझान-अवसर पर विमर्श

**महिलाओं के नेतृत्व में शहरी आजीविका को प्रोत्साहित करने पर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत यूएनडीपी के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें देश भर से लगभग 150 प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ, शहरी आजीविका में नवीन रुझानों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने शहरी देखभाल मॉडल की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसके द्वारा शहरी गरीबों के लिए देखभाल का बुनियादी ढांचा और सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे उन्हें आजीविका के अवसर सुलभता से प्राप्त होते हैं और छोटे बच्चों की देखभाल के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि शहरी गरीबी की समस्या के निवारण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम इंडिया की रेजिडेंट प्रतिनिधि इसाबेल त्सचान ने कहा कि वर्ष 2030 के एजेंडा के हिस्से के रूप में सतत विकास के लिए एसडीजी 11- चिरस्थाई शहर और समुदाय, शहरों के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की पहचान और समावेशी, सुरक्षित, लचीलेपन और सतत शहरी विकास पर जोर दिया। राष्ट्रीय और राज्य, शहरी आजीविका मिशन, सभी शहरी निवासियों, हाशिये पर रहने वाले लोगों और महिलाओं के लिए बुनियादी सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करके इस लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सकता है।




---

# बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु को भेजा जेल

**12 दिन तक रिमांड के बाद इडी ने कोर्ट में किया पेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड अवधि खत्म होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। इडी ने पूछताछ पूरी होने की बात कहते हुए इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत से भानु को जेल भेजने का आग्रह किया।

इसके बाद कोर्ट ने भानु को 22 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। इससे पूर्व तीन बार चार-चार दिन की रिमांड लेने के बाद कुल 12 दिन रिमांड पर लेकर इडी भानु से पूछताछ कर चुकी है। पेशी से पहले इडी ने भानु का मेडिकल कराया।



इडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानु प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में सहायता की है। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद है।

---

# राज्य में मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट कल से

## एक-एक सुविधा की नब्ज टटोलेंगे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्वाचन आयोग 19 फरवरी से रांची सहित राज्य भर के सभी मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट करायेगा। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का 19 से 21 फरवरी के बीच सोशल ऑडिट कराया जायेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़नेवाले सभी मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट 19 और 20 फरवरी को होगा। इसमें प्रमुख रूप से मतदान केंद्र भूतल में स्थित है या नहीं, मतदान केंद्र गांव से दो किलोमीटर के अंदर में है या नहीं। पेयजल, बिजली आपूर्ति, प्रकाश, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, टॉयलेट, पांच टेबल और पांच कुर्सियों की व्यवस्था, शिशु गृह, स्थायी शेड है या नहीं, इसका ऑडिट होगा। इस संबंध में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य समन्वयक को पत्र लिखा है।




---

# जेसीपीडीए अध्यक्ष ने उद्योग मंत्रालय को लिखा पत्र

**जीएसटी की जटिलता समेत अन्य मुद्दों पर संज्ञान ले सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्रालय को पत्र लिखा है। इसमें जीएसटी की जटिलताओं, इ-कॉमर्स कंपनियों के कदाचार, व्यापारियों के लिए बीमा, कई लाइसेंस के स्थान पर एक लाइसेंस समेत अन्य मुद्दों को शामिल किया गया है। अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि व्यापारी समुदाय ने आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, वोकल फॉर लोकल समेत अन्य योजनाओं को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। दुःखद है कि अभी तक किसी भी प्राधिकरण ने छोटे व्यवसायों के उत्थान की ओर ध्यान नहीं दिया। देश में आठ करोड़ से ज्यादा छोटे व्यवसायी हैं, जो 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया करा रहे हैं।

---

# आदिम जनजाति के 5273 परिवार को मिली रकम

## पीएम जनमन योजना के तहत अपने घर का सपना होगा साकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएम जनमन योजना से झारखंड में अब तक 26,512 पीवीटीजी परिवार का सर्वेक्षण कार्य करा लिया गया है। इनमें 18,739 लाभुकों को पंजीकृत किया गया है और 6,870 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दे दी गयी है। आवास विहीन आदिम जनजाति परिवार को इस योजना से पक्का आवास देना है।




ग्रामीण विकास विभाग स्वीकृत लाभुक को दो लाख रुपये की सहायता राशि आवास निर्माण के लिए दे रहा है। इसके अतिरिक्त मनरेगा से अकुशल मजदूरी 27 हजार रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। बता दें कि यह योजना 60:40 के अनुपात में केंद्र सरकार के सहयोग से की जा रही है। पहली किस्त के 30 हजार रुपये आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए दे दिये गये हैं। 5,273 लाभुकों को पहली किस्त के रूप में राशि आवंटित कर दी गयी है। दूसरी किस्त में लिंटल, तिसरी किस्त ढलाई और चौथी-अंतिम किस्त की राशि आवास पूर्ण होने के बाद दी जायेगी। खूंटी, सिमडेगा, गुमला, चाइबासा इत्यादि क्षेत्रों में अधिक योजनाएं स्वीकृत की गयी हैं।

---

# 2016 के राज्यसभा चुनाव में क्लोजर रिपोर्ट पर नोटिस

**अपर सचिव को 16 मार्च को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 2016 के राज्यसभा चुनाव में हार्स ट्रेडिंग मामले में रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में अनुसंधानकर्ता की ओर से साक्ष्य की कमी बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में दाखिल की गयी है। इसी मामले में गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को शनिवार को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अपर सचिव को 16 मार्च को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया है। राज्यसभा चुनाव 2016 में हुए हार्स ट्रेडिंग मामले में अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह एसीबी कोर्ट से किया है। इसके आलोक में अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7°c | 12.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



### जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच की मांग

# आजसू ने राजभवन के समक्ष किया प्रदर्शन

**सरकार ने सपनों और परिश्रम का भी सौदा किया: विशाल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि आजसू छात्रों के हक, अधिकार और हित से जुड़े सभी विषयों को मुखरता से उठाते आया है। पेपर लीक मामले में सरकार को जगाने का काम आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने किया था। इसके बाद सरकार ने एसआइटी का गठन किया। छात्र इस एसआइटी जांच से संतुष्ट नहीं हैं। इस मामले में उच्च अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आयी है, इसलिए इसकी जांच सीबीआइ से करायी जाये।

प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने कहा कि सरकार की गलत नीति के कारण युवाओं का भविष्य हुआ है। युवाओं के हक की नौकरी का 27-27 लाख में सौदा करने वाली सरकार कभी न झुकने का दंभ भर रही है। इन्होंने सिर्फ नौकरी ही नहीं, युवाओं के सपनों और उनके परिश्रम को भी बेच दिया है।

**इनकी रही मौजूदगी :** प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, सुधीर यादव, रविशंकर मौर्य, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक राज, अनुराग भारद्वाज, देवा महतो, हेमंत पाठक, धर्मराज प्रधान, निर्मल मंडल, जमाल गद्दी, दीपक दुबे, विशाल यादव, विजय महतो, फूल सिंह बड़ाइक, रवींद्र ठाकुर, शानू कुमार, विशाल प्रजापति, अमित यादव समेत अन्य शामिल हुए।

**प्रदर्शन कर रहे छात्रों की अन्य मांगें**

- निर्दोष छात्रों पर हुई प्राथमिकी को वापस लें
- जेएसएससी अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त किया जाये
- परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाला जाये
- झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जाये

## यौन अपराध अनुसंधान के लिए प्रशिक्षण कल

रांची (आजाद सिपाही)। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान के लिए सीआइडी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करायेगा। यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान में सहयोग देने के लिए चयनित महिला पुलिस पदाधिकारी और महिला पुलिसकर्मियों का चार सप्ताह का प्रशिक्षण अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में 19 फरवरी से शुरू किया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को जस्टिस एसएन प्रसाद करेंगे। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता सहित अन्य कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand.

ADVERTISEMENT

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University
Ranchi-834008
Website:www.dspmuranchi.ac.in

Applications are invited from eligible candidates for the appointment of Guest Teachers in the Department of English Language and Literature (ELL) in Dr. Shyama Prasad Mukherjee University in the prescribed proforma available on University Website : **www.dspmuranchi.ac.in** latest by **04.03.2024 05:00 P.M.**

By the Order of Vice-Chancellor,

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

Memo No. : DSPMU/G/111/24
Date : 17.02.2024

## बीआरपी-सीआरपी संघ मुख्यमंत्री से मिला

### समस्याओं को उठाया, सीएम ने दिया भरोसा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआरपी-सीआरपी संघ के प्रतिनिधियों ने शनिवार को सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की। उन्हें समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, महासचिव नितिन कुमार के नेतृत्व में चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी गयी। बीआरपी सीआरपी की लंबित समस्या के समाधान की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि संघ की मांगों की दिशा में जल्द पहल की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में कौकब फिरदौश, विनीता कुमारी, पवन तिवारी, कमलकांत मेहता, रवींद्र कुमार ठाकुर, कुमार रोहित, कुमार सिकंदर, कुलदीप सुरेन, मंटू साहू के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** – रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** – परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।

**मिथुन** – रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** – विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** – नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** – स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** – रूके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** – आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** – लाभकारी प्रयास सफल होगा स्वजन-मित्रों का सहयोग स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** – चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

### मंत्री पद की किचकिच पर सरयू राय का तंज

## 'सिर मुड़ाते ही ओले पड़े'

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चंपाई सोरेन सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। ऐसे विधायक, जो मंत्री पद की रेस में पीछे रह गये, उनकी नाराजगी अब खुल कर सामने आ गयी है। पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने इस पर तंज कसा है। सोशल मीडिया पर कहा है कि सिर मुड़ाते ही ओले पड़े।

चंपाई सोरेन मंत्रिपरिषद का विस्तार होते ही कांग्रेस में बगावती सुर उठने लगे। कतिपय कांग्रेसी मंत्रियों के भ्रष्ट कारनामे सरकार का स्वास्थ्य खराब करेंगे। पहले की तरह इस सरकार को भी बीमार बना देंगे। सरयू राय ने विरोध जताने के लिए झारखंड कांग्रेस के विधायकों को बधाई भी दी है।

## स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ करना लक्ष्य: बन्ना गुप्ता

**स्वास्थ्य मंत्री ने संभाला कार्यभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय कक्ष में कार्यभार संभाला। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया।

बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ करना लक्ष्य होगा। इसके अलावा दूसरी पारी में आधारभूत संरचना दुरुस्त हो, मैन पावर की कमी ना हो, ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रखा जायेगा। इस मौके पर विधानंद शर्मा पंकज, माधवी मिश्रा, ललित शुक्ला, एड्स कंट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक पवन कुमार, ध्रुव प्रसाद, सीमा उदयपुरिया, एमडी एनएचएम आलोक त्रिवेदी, जय किशोर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बैद्यनाथ को मंत्री नहीं बनाने से एससी में आक्रोश: सहदेव राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एनएफडब्ल्यूएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहदेव राम ने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने अनुसूचित जातियों को दरकिनार किया। रघुवर दास की सरकार ने राज्य के अनुसूचित जातियों पर अत्याचार को रोकने के लिए अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया था, किंतु जैसे ही झामुमो गठबंधन की सरकार बनी, आयोग को बंद कर दिया गया। इसके कारण प्रताड़ना और अत्याचार के लगभग 4000 केस लंबित हैं। वहीं जब उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को विदेश भेजने की बात आयी, तो अनुसूचित जाति के छात्रों को नजरअंदाज किया गया। इतना ही नहीं, सरकार में अनुसूचित जातियों के मंत्री पद का प्रतिनिधित्व देने से इनकार किया। विधायक बैद्यनाथ राम को अपमानित किया गया, जो सरकार के नीयत को दर्शाता है। सरकार की इस मानसिकता के कारण राज्य के अनुसूचित जातियों में सरकार के प्रति आक्रोश है, जिसका असर आने वाले चुनाव पर पड़ेगा।

## झारखंड के 50 लाख दलितों का अपमान: रजक

**अजा समन्वय समिति ने सरकार का पुतला फूंका**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बैद्यनाथ राम को मंत्री नहीं बनाये जाने पर अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने शनिवार को कांके रोड में झारखंड सरकार का पुतला फूंका। उपेंद्र रजक, राम लगन राम, योगेंद्र लाल, छोटू पासवान ने कहा कि यह झारखंड के 50 लाख दलितों का अपमान है। पहले ही रांची मेयर सीट को एससी आरक्षित से हटा कर अपमान करने का काम किया है। दोबारा चंपाई सरकार ने बैद्यनाथ राम को कैबिन्ट से नाम काट कर फिर दलितों का अपमान किया। मौके पर जगदीश दास, संतोष रवि, रणधीर रजक, करन नायक, संदीप राम, प्रदीप कुमार, राजेश रजक, रंजीत भुइयां, भोला राम, सूरज राम समेत अन्य मौजूद थे।

## हेमंत की रिहाई के लिए झामुमो छात्र मोर्चा ने की भोलेनाथ से फरियाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर शनिवार को बाबा भोलेनाथ के दरबार में फरियाद लगायी गयी। झामुमो छात्र मोर्चा ने पहाड़ी मंदिर रांची में पूजा और आरती कर पहाड़ी बाबा से कामना हेमंत सोरेन की रिहाई की अर्जी लगायी। मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाया गया है। इससे साढ़े तीन करोड़ जनता दुखी है। मंदिरों में पूजा, मजारों में चादरपोशी, सरना पूजा, चर्च में प्रार्थना कर मन्नत, दुआ और कामना की जा रही है। न्यायालय पर भरोसा है कि हेमंत सोरेन के साथ न्याय होगा। मौके पर सचिव असद टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, अमन ठाकुर, भास्कर महतो, अतिकुर रहमान, राहुल मुंडा, राम सिंह, अंकित कुमार महतो, रोशन गाड़ी, स्मृति, क्रिस्टल सोनी, गणेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अपहर्ताओं के चंगुल से भाग निकली नाबालिग, सीडब्ल्यूसी ने दिया सहारा

### डिवाइन ओंकार मिशन में बच्ची सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** 12 साल की दिव्यांग बालिका ने अपराधियों के चंगुल से बचकर वह हिम्मत दिखायी है जो शायद एक आम नागरिक ना दिखा पाये। उस बेसहारा बच्ची को रामगढ़ में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने सहारा दिया। उस बच्ची की पहचान बोकारो जिला निवासी विपिन बनर्जी की पुत्री पूर्णिमा बनर्जी के रूप में हुई है। पूर्णिमा को उस वक्त सीडब्ल्यूसी ने अपने कब्जे में लिया, जब वह अनुमंडल कोर्ट के पास पहुंची थी। वहां के अधिवक्ताओं ने पूर्णिमा की तस्वीर ली और सोशल मीडिया पर उसे वायरल किया। जब चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को इसकी सूचना मिली तो उसके सदस्य भी तत्काल अनुमंडल कोर्ट पहुंचे और उस 12 वर्षीय पूर्णिमा बनर्जी को अपने साथ लेकर गये।

**हत्या करने की मंशा से उठायी गयी थी 12 साल की बच्ची :** इस पूरे मामले में समाज कल्याण पदाधिकारी कनकलता तिर्की ने बताया कि पूर्णिमा को बेहद ही सुरक्षित तरीके से रखा गया है। पूछताछ के दौरान उस दिव्यांग बच्ची ने बताया कि कुछ आपराधिक तत्व के लोगों ने उसे जबरन उठाया था। उन अपराधियों की मंशा उस बच्ची की हत्या करने की थी। लेकिन अपनी सूझबूझ और हिम्मत के साथ उस बच्ची ने खुद अपनी जान बचायी और उनके चंगुल से भाग निकलने में सफल रही। वह बच्ची जब अपराधियों के कब्जे से बाहर निकली, तो वह भागते हुए रामगढ़ अनुमंडल कोर्ट के पास पहुंची। वहां अधिवक्ताओं ने उसे सुरक्षित किया। फिलहाल उस बच्ची को रामगढ़ के डिवाइन ओंकार मिशन में रखा गया है जहां उसका पूरा ख्याल रखा जायेगा।

**48 घंटे के अंदर नहीं मिले परिजन तो अखबार में छपेगा इश्तिहार**

समाज कल्याण पदाधिकारी कनकलता तिर्की ने बताया कि उस बच्ची के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। अगर 48 घंटे के अंदर उसके परिजन से संपर्क नहीं हो पता है तो अखबार में एक गुमशुदा इश्तिहार छपवाया जायेगा। अगर कोई परिवार सामने आता है तो उसकी पूरी छानबीन की जायेगी। विभाग का उद्देश्य यह है कि वह बच्ची सुरक्षित अपने परिवार के पास पहुंच जाये।

## कुड़मी हुंकार महारैली 25 को

रांची (आजाद सिपाही)। कुड़मी समाज के संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि 25 फरवरी को मोरहाबादी मैदान रांची में कुड़मी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया है। टोटेमिक कुड़मी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर महारैली आयोजित की गयी है। ओहदार शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि इसमें लाखों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, नाच-गाना, छऊ नाच, झुमर, घोड़ा नाच और गाजा-बाजा के साथ शामिल होंगे। इसकी ग्राम स्तर पर वृहद रूप में तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा की कुड़मी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी। इस महारैली में लगभग पांच लाख की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। इस मौके पर में ओम प्रकाश महतो, सखीचंद महतो, कपिलदेव महतो, थानेश्वर महतो, हेमलाल महतो, सोनालाल महतो, संदीप महतो, शिवलाल महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने तीसरे दिन भी रखा उपवास

**हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो की ओर से मोरहाबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के निकट उपवास रखा गया। शनिवार को खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में उपवास हुआ।

जुबैर अहमद ने कहा कि हेमंत सोरेन को जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार के जरिये जांच के सहारे प्रताड़ित किया जा रहा है। इसी कारण सभी प्रखंडों, पंचायतों में न्याय यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से जांच एजेंसियों के सहारे साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के विरोध में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो तीसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मनमानी का लगातार विरोध करेंगे। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

## प्रशासनिक सेवा संघ का अभिनंदन सह विदाई समारोह

**नवप्रोन्नत अधिकारियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से शनिवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीते साल राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए पदाधिकारियों को विदाई दी गयी। वहीं दूसरी और राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत होने वाले पदाधिकारियों का स्वागत सह सम्मान भी किया गया। झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने कहा कि झासा ही नहीं, पूरा राज्य पदाधिकारियों द्वारा विकास में दिये गये योगदान के प्रति कृतज्ञ है। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी संजय कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन महासचिव राहुल कुमार ने किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# रुइन बार के बाहर दो पक्षों के बीच फायरिंग

**मामला दर्ज, तफ्तीश में जुटी बरियातू पुलिस**

**लाइसेंसी हथियार से चलायी गोली, एक खोखा बरामद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी मैदान स्थित रुइन हाउस बार के बाहर दो पक्षों के बीच झड़प के बाद फायरिंग की घटना हुई। घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है। गोलीबारी की घटना को लेकर भास्कर कुमार ने बरियातू थाना में शनिवार को प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रुइन बार एंड रेस्टोरेंट में धनबाद से कुछ युवक जन्मदिन मनाने आये थे। इस दौरान रेस्टोरेंट में रांची के कांके रोड के कुछ युवक पहले से मौजूद थे। पार्टी के दौरान ही दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला गाली-गलौज से शुरू हुआ और मारपीट तक पहुंच गया। इस बीच बार में मौजूद बाउंसर ने दोनों पक्षों को समझाया और बार से बाहर कर दिया। बाहर आते ही दोनों पक्ष आपस में मारपीट करने लगे। इसी बीच कांके रोड के एक युवक, जिसका नाम अमित सिंह बताया जा रहा है उसने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। मामले की सूचना पाकर जब तक बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक एक पक्ष के लोग जिन्होंने फायरिंग की थी, वे मौके से भाग चुके थे। पुलिस ने रेस्टोरेंट के बाहर से एक खोखा भी बरामद किया है। थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# कल तक तापमान में बदलाव 20 फरवरी से छायेंगे बादल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। आनेवाले दो-चार दिनों में राज्य के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखा जायेगा। इस संबध में मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि आनेवाले 19 फरवरी तक राज्य का मौसम शुष्क रहेगा। रविवार तक सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहेंगे। इसके बाद दिन के समय मौसम साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने से लोगों को दिन के समय धूप मिलेगी। वहीं, 19 फरवरी से फिर से मौसम में बदलाव देखा जायेगा, जहां 20 फरवरी से राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान 22 फरवरी तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। हालांकि बादल छाये रहने के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा।

तापमान की बात करें तो आनेवाले तीन दिनों के दौरान यानी 18 फरवरी तक तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को सुबह शाम ठंड का एहसास होगा। हालांकि दिन के समय आसमान साफ रहने और धूप के कारण लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। इसके बाद 19 फरवरी से बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी।

# मुख्यमंत्री से मिले डीजी होमगार्ड



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को गृह रक्षा वाहिनी सह अग्निशमन सेवा के महानिदेशक अनिल पालटा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 36वीं पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन नेहरू युवा केंद्र और राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कांके के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। नेहरू युवा केंद्र के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह को कैनवास पर उकेरा हुआ भगवान गणेश का चित्र भेंट किया गया।

जेवियर कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जय प्रकाश पांडेय ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर का विराट कृतित्व है। मुख्य अतिथि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद ने कहा कि विभूतियों से देश भरा है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की सरलता का परिचय यूरोप देशों में भी हुआ। वक्ता गौरव अग्रवाल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर से भारत रत्न सुशोभित हुआ है। प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा, डॉ ओम प्रकाश, डॉ चंद्रमाधव सिंह, गौरव चुघ, श्रवण समेत अन्य ने संबोधित किया।

# एसएसपी ने की 5 इंस्पेक्टर की पोस्टिंग, अभय सिन्हा बने गोंदा थाना प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को पांच इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की है। इससे संबंधित अधिसूचना एसपी कार्यालय के द्वारा जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के मुताबिक, जयप्रकाश राणा को मांडर अंचल निरीक्षक बनाया गया, फागु होरो को बेड़ो अंचल निरीक्षक, इम्तियाज अहसन को यातायात थाना प्रभारी लालपुर, अजय कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली और अभय कुमार सिंह को गोंदा थाना प्रभारी बनाया गया।

# रातू रोड दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव आज से

## आज निकलेगी भव्य कलश शोभायात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के दुर्गा मंदिर रातू रोड का 37वां वार्षिकोत्सव रविवार से धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर की साज-सज्जा के साथ स्टेज सजाने के काम को कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं। रविवार को उत्सव की शुरुआत सुबह मां के अभिषेक-पूजन और श्रृंगार से होगी। गणपत्यादी देवताओं आदि का पूजन किया जायेगा। इसके बाद दिन के नौ बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। यात्रा मंदिर से निकल कर राणी सती मंदिर लेन, पहाड़ी मंदिर रोड, गाड़ीखाना चौक, जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़ कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए आयोजन स्थल पहुंच कर संपन्न होगी। 19 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे दैनिक पूजन आरती के बाद माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। दोपहर साढ़े 12 बजे से प्रसाद बांटा जायेगा। शाम साढ़े छह बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर शाम तक चलेगा। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव और अध्यक्ष राहुल यादव ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।

# सरला-बिरला विश्वविद्यालय में क्वांटम विज्ञान और तकनीक पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** क्वांटम विज्ञान-तकनीक में हालिया प्रगति विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को हुआ। इसका आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और भौतिकी विभाग सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में किया गया। तकनीकी सत्र में प्रतिभागियों ने शोध कार्यों को प्रस्तुत किया। बीआइटी मेसरा के पूर्व कुलपति डॉ अजय चक्रवर्ती और कोलकत्ता विवि के प्रो देवाशीष सरकार ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर ने सम्मेलन को उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजन की सराहना की। आशा व्यक्त की कि छात्रों और विवि के हित में यह सम्मेलन ज्ञानवर्धक साबित होगा। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने औद्योगिक क्रांति में क्वांटम साइंस के उपयोग और वेदांता को क्वांटम से जोड़ने संबंधित विषय पर विचार रखे। कुलसचिव प्रो वीके सिंह, डॉ पंकज गोस्वामी, प्रो एसबी डांडिन, डॉ पार्थो पॉल, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ नित्या गर्ग, डॉ पिंटू दास, डॉ रोहित मुखर्जी, प्रो अभिजीत चटर्जी, डॉ दीपक प्रसाद सहित अन्य ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन के लिए प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## शहरी आजीविका पर राष्ट्रीय कार्यशाला

# आजीविका में नवीन रुझान-अवसर पर विमर्श




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महिलाओं के नेतृत्व में शहरी आजीविका को प्रोत्साहित करने पर चर्चा**

**शहरी गरीबी की समस्या के निवारण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता**

**रांची।** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत यूएनडीपी के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें देश भर से लगभग 150 प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ, शहरी आजीविका में नवीन रुझानों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने शहरी देखभाल मॉडल की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसके द्वारा शहरी गरीबों के लिए देखभाल का बुनियादी ढांचा और सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे उन्हें आजीविका के अवसर सुलभता से प्राप्त होते हैं और छोटे बच्चों की देखभाल के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि शहरी गरीबी की समस्या के निवारण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम इंडिया की रेजिडेंट प्रतिनिधि इसाबेल त्सचान ने कहा कि वर्ष 2030 के एजेंडा के हिस्से के रूप में सतत विकास के लिए एसडीजी 11- चिरस्थाई शहर और समुदाय, शहरों के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की पहचान और समावेशी, सुरक्षित, लचीलेपन और सतत शहरी विकास पर जोर दिया। राष्ट्रीय और राज्य, शहरी आजीविका मिशन, सभी शहरी निवासियों, हाशिये पर रहने वाले लोगों और महिलाओं के लिए बुनियादी सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करके इस लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सकता है।

# श्री श्याम भंडारा में भक्तों ने पाया महाप्रसाद

## खाटू नरेश के जयकारों से श्याम मंदिर गुंजायमान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी, रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी...। इस भजन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 100वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान प्रमिला पेड़ीवाल, शशांक पेड़ीवाल, शांतनु पेड़ीवाल ने खाटूनरेश लड्डू गोपाल, शालीग्राम, शिव परिवार, हनुमान और गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर खुशहाली की प्रार्थना की। भंडारा के प्रसाद में केसरिया जलेबी, दाल की इडली-चटनी, टॉफी का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया। भंडारा वितरण के समय लंबी कतारें लग गयीं। खाटूनरेश के जयकारों से क्षेत्र गूंज रहा था। लगभग 2500 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया।

**इनका रहा विशेष सहयोग :** श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव रंजन मित्तल, आयुष्मान अर्थव पेड़ीवाल, मदन पेड़ीवाल, विनीता पेड़ीवाल, अंजलि पेड़ीवाल, मानसी पेड़ीवाल, श्याम सुंदर शर्मा, अमित सरावगी, अनुज मोदी, अमित मोदी, सिद्धार्थ सिंघानिया समेत अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# मूव फॉर अर्थ सिंपोजियम में डीएसपीएमयू का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस और स्विच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मूव फॉर अर्थ सिंपोजियम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसका विषय था- पर्यावरण और उनसे संबंधित चुनौतियों का समाधान। इसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी, जूलॉजी और पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने कई मॉडल का प्रदर्शन किया।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय के प्रतिभागी को सस्टेनेबल मॉडल डिस्प्ले प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और प्रथम रनर अप के रूप में सम्मानित किया गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव नमिता सिंह ने बधाई दी।

# रोजगार के सवाल पर यंग इंडिया जनमत संग्रह आज से

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** यंग इंडिया चार्टर 2024 ने केंद्र की भाजपा सरकार में रोजगार की स्थितियों पर 18-19 फरवरी को जनमत संग्रह करने की घोषणा की है। आरवाइए के नेताओं ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को नहीं भरा गया और पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। भारतीय रेलवे में तीन लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं, लेकिन मोदी सरकार को इसे भरने में कोई रुचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है। सौ से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया, जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुईं। साथ ही देश की आमदनी भी प्रभावित हुई। सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया। इसलिए आरवाइए रोजगार की स्थिति पर यंग इंडिया जनमत संग्रह करेगा।

# झारखंडी वीरों के साथ किया गया छल : हरि उरांव

**टीआरएल संकाय में बुद्धू भगत की जयंती मनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में शनिवार को क्रांतिकारी वीर बुद्धू भगत की जयंती मनायी गयी। अध्यक्षता करते हुए टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में झारखंड के इतिहास के साथ बेमानी हुई है। हमें आज भी न्याय नहीं मिल पाया है। हमेशा से वीरों के साथ छल हुआ है। आरएलएसवाइ कालेज के डॉ खालिक अहमद ने कहा कि वीर बुद्धू भगत छोटानागपुर के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें पकड़ने के लिए अंग्रेज सरकार ने 1000 रुपये का इनाम रखा था।

डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि हम धन्य हैं कि हम ऐसे राज्य के निवासी हैं, जो शहीदों की भूमि रही है। डॉ रीझू नायक ने कहा बीर बुद्धू भगत पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1832 में आंदोलन किया था। डॉ किशोर सुरीन ने शहीद क्रांतिकारी वीर बुद्धू भगत की जीवन से जुड़ी हुई कई घटनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ करम सिंह मुंडा ने कहा कि आज हम स्वछंदतावाद पूर्वक घूम फिर रहे हैं, तो ये हमारे शहीदों की कुर्बानियों का ही नतीजा है। टोटो के सहायक शिक्षक शिव नंदन उरांव, डॉ सविता केसरी, डॉ गीता कुमारी सिंह, तारकेश्वर सिंह मुंडा, शकुंतला बेसरा, चाणक्य कुमार, सुखराम उरांव, प्रभा हेंबोम, राजकुमार, डॉ बंदे खलखो, सरिता कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# ओलावृष्टि से नुकसान के आकलन में जुटा प्रशासन

**डीसी ने रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अंचलाधिकारी को यह निर्देश दिया है कि 14 फरवरी को ओलावृष्टि से जो सफल को नुकसान पहुंचा है, इसका रिकॉर्ड उपल्बध कराया जाये।

इसके आधार पर आकलन कर किसानों को सही समय पर मुआवजा दिया जा सके।

डीसी ने कहा कि अपने-अपने अंचल क्षेत्र में एक सहायता डेस्क बनाकर ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आवेदन लिया जाये। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उप समाहर्ता भूमि सुधार सदर-बुंडू के माध्यम से 20 फरवरी तक भेजने को कहा है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडू को प्रथम स्थान



**मांडू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान और नवाचार के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में राजकीयकृत मध्य विद्यालय मांडू के मॉडल को प्रथम स्थान मिला है। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह मॉडल गाइड शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ग 8 की रानी कुमारी और इरम नाज के द्वारा मॉडल में सचेतक छड़ी बनाया गया। जिसमें उस छड़ी के माध्यम से भूमि में कंपन उत्पन्न होता है। जिससे किसानों को आसपास में जहरीले जीव सांप कीड़े अचानक से हलचल शुरू करते हैं। जिससे छड़ी करने वाले सचेत हो जाते हैं, और अपने आप को बचा सकते हैं। इस छड़ी में एक टॉर्च भी लगाया गया है। जो रोशनी प्रदान करता है। साथ ही इस छड़ी में परावर्तक लगाया गया है। जो रात में दूर से ही चमकता है। जिससे दूसरे को संकेत देने में या छड़ी वाले को पहचानने में मदद मिलती है। इधर प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों छात्रों को शील्ड और पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।

## सरस्वती पूजा पर भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सिमाना धौड़ा हाथी दाड़ी सेन्ट्रल सौंदा में विद्यार्थी क्लब के तत्वावधान में पूरे भक्तिभाव से सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व भव्य पूजा पंडाल में स्थापित मां सरस्वती की पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना की गयी। पूजा के दौरान मां शारदे सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं हवन-पुणार्हुति के बाद मां सरस्वती की प्रतिमा का नम आंखों से विदाई देते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारा का भी आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता और विजय सोनी ने श्रद्धालु महिला-पुरूष और सैंकड़ों बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में विजय सोनी, मनोज कुमार गुप्ता, पुटुल साव, विक्रन पासवान, विनोद यादव, रिकी सोनी, कुणाल यादव, बबलू सतनामी, नरेश सोनी, धर्मेन्द्र प्रसाद, चंदन यादव, दीपक भुंइया, राज बाउरी, विशुन पासवान, अवधेश साव, रोहित यादव, मुनी चंद, वरूण कुस, किशन लोहार, सोनू भुंइया, गुड्डू सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## पेपर लीक मामले पर प्रदर्शन में शामिल हुए भुरकुंडा आजसू के कार्यकर्ता




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन में शामिल होने को ले आजसू पार्टी और आजसू छात्र संघ के दर्जनों कार्यकर्ता शनिवार को रांची पहुंचे। इस दौरान आजसू छात्र संघ जुबिली कॉलेज, जेएम कॉलेज और पीटीपीएस कॉलेज की टीम रांची प्रखंड सचिव सह वरीय छात्र नेता विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में राजभवन पहुंची। पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। युवा छात्रों का भविष्य दांव पर है। उन्होंने कहा की पेपर लीक की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष एकदिवसीय प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल होनेवालो में आजसू प्रखंड सचिव सह जुबिली कॉलेज प्रभारी विश्वरंजन सिन्हा, वरीय छात्र नेता सह पीटीपीएस कॉलेज प्रभारी दिलशाद रजा, छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिंह, युवा मोर्चा के सचिव जानकी मुंडा, चिप हाउस पंचायत के अध्यक्ष छोटू यादव, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राज नायक, किशन कुमार, रूपेश ठाकुर, दिनेश कुमार, विशाल कुमार, सत्यम कुमार, मोहित कुमार, ऋषि कुमार, रवि कुमार, राहुल सिन्हा, क्रिश कुमार, वीर प्रताप सिंह, सत्यवान कुमार, मनोज सिन्हा, बबलू कुमार, दिलीप महतो, विश्वनाथ भुंइया उर्फ अजय सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरस्वती पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल भरेचनगर में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ एसडीओ शिलवन्त कुमार भट्ट और विशिष्ट अतिथि प्रो संजय सिंह, मनोज मंडल, अमित सिन्हा, तिवारी महतो और शंकर मिश्रा शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक गया प्रसाद राय द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही, बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के द्वारा शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सबका मनमोह लिया। इस अवसर पर एसडीओ शिलवंत कुमार भट्ट ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से जहां बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने करने का मौका मिलता है। जो आने वाले समय में विद्यालय और अभिभावकों के लिए गौरव का पल साबित होता है। उन्होंने अभिभावको और शिक्षकों को बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को देख बच्चो को सहयोग करने का आह्वान किया। वही, विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम पठन-पाठन कार्यक्रम के बीच एक अहम हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही, अपनी प्रतिभा को मंच के माध्यम से साझा करने का स्वर्णिम अवसर की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में वर्ग प्ले से नवम के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वर्ग प्ले के छात्रों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम आकर्षक का केंद्र रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# दयाल स्टील प्लांट के लैब टेक्नीशियन की मौत पर बवाल, फैक्ट्री का गेट जाम

**परिजनों ने प्लांट प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के कोठार स्थित दयाल स्टील प्लांट के टेक्नीशियन की मौत के बाद बवाल मचा है। मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दयाल स्टील के गेट को जाम कर दिया है। वे लोग मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इधर प्लांट प्रबंधन ने मृतक के परिजनों पर गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। प्लांट के पदाधिकारी ने बताया कि मृतक छोटेलाल महतो लैब में बतौर केमिस्ट काम करता था। पिछले 8 दिनों से वह प्लांट नहीं आया था। 8 दिन पहले उसने अपने इंचार्ज को तबीयत खराब होने की सूचना दी थी और उसके बाद वह घर चला गया था। उसके बाद उसका कहां इलाज हुआ और उसके परिजन उसे लेकर कहां गये, प्लांट प्रबंधन को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। शनिवार की सुबह अचानक छोटेलाल महतो के शव को प्लांट के गेट पर रख दिया गया और वहां रूपये की मांग की जाने लगी। इस पूरे प्रकरण की सूचना रामगढ़ थाने को दी गयी है।

**मृतक के परिवार के भरण पोषण के लिए हो रहा आंदोलन:** मृतक छोटे लाल महतो पारडीह कैथा का रहने वाला था। उसकी पांच संताने हैं। उसके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा, इसी को लेकर गांव वाले आक्रोश में हैं। दयाल स्टील के गेट पर बवाल कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि 25 वर्षों तक छोटेलाल महतो लैब टेक्नीशियन के रूप में इस प्लांट में काम करता रहा। जब वह बीमार पड़ा तो इसकी सही जानकारी परिजनों को नहीं मिली। प्लांट प्रबंधन को उस बीमार कर्मचारी को सबसे पहले अस्पताल में भर्ती करना चाहिए था। लेकिन उसे सही इलाज के लिए नहीं भेजा गया। मृतक की पत्नी कलिता देवी ने कहा कि उनकी चार बेटी और एक बेटा है। अगर प्लांट प्रबंधन उनके परिजनों के बारे में नहीं सोचेगा तो वह पूरा परिवार बर्बाद हो जायेगा। जिस समय उसके पति बीमार पड़े उस वक्त भी प्रबंधन की ओर से उन्हें सही सूचना नहीं दी गयी। जब छोटेलाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया तो प्लांट प्रबंधन की ओर से किसी भी व्यक्ति ने उनकी सुध नहीं ली और ना ही उनकी कोई सहायता की।

# विद्यासागर पूजा क्लब ने मां सरस्वती की पूजा के बाद विधि-विधान से विदाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महिलाएं माथे पर कलश लिये गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली**

**रांची।** ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद शनिवार को भक्तों ने विधि विधान से विदाई दी। रांची के विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड स्थित पूजा पंडालों से मां की प्रतिमा वाहनों पर रख कर महिलाएं एक रंग की साड़ी में माथे पर कलश लिये भव्य शोभा यात्रा निकाली। नाचते-गाते युवाओं ने एक दूसरे पर रंग अबीर उछाला और तालाबों तक पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद मां की प्रतिमा जल में विसर्जित की गयी।

पूजा कमेटी के संरक्षक बिक्रम सिंह ने कहा कि पूजा के सफल आयोजन में कमेटी के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शांतिपूर्ण ढंग से पूजा के सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके लिये पूरी कमेटी धन्यवाद ज्ञापित करती है। रांची सहित पूरे जिले में गुरुवार को मां वाग्देवी की पूजा विधि-विधान से हुई। स्कूल कॉलेज और शिक्षण संस्थानों के साथ सार्वजनिक स्थलों पर पंडालों में मां की प्रतिमा स्थापित कर मां हंसवाहिनी की पूजा अर्चना के बाद आरती उतारी गयी और प्रसाद वितरित किया गया।

शनिवार दोपहर में मां की फिर से पूजा अर्चना कर विदाई दी गयी। इसके बाद आयोजकों ने ट्राली, पिकअप, ट्रैक्टर सहित विभिन्न वाहनों पर मां हंसवाहिनी की मूर्ति रख कर शोभायात्रा निकाली। फाग गीत गाते हुए युवा एक दूसरे को रंग अबीर से नहलाया और नाचते गाते तालाबों की ओर चल दिये। युवाओं ने इस दौरान खूब जयकारे लगाये।

स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का सोमवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। भक्तों के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विकास कुमार, महासचिव सनी कुमार, संगठन सचिव कौशल साहू, महामंत्री अमन वर्मा, उपाध्यक्ष बंटी साहू, राजदेव, प्रशांत वर्मा, चंचल कुमार, अक्षत सोनी, सचिन, उत्कर्ष तिवारी, सहसचिव राज चक्रवर्ती, पीयूष सिंह, आदित्य सिंह, मंत्री अनिरुद्ध वर्मा, शेखर वर्मा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सचिन वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद गुप्ता, सिद्धांत श्रीवास्तव एवं महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुमारी, केंद्रीय महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पल्लवी प्रसाद, उपाध्यक्ष सुधा देवी, अंजली वर्मा, महासचिव सोनी कुमारी, महामंत्री गीत दे, केंद्रीय संगठन सचिव प्रीति देवी, जिला समिति अध्यक्ष शकुंतला देवी, उपाध्यक्ष कुसुम देवी, सचिव रचना देवी, उपाध्यक्ष तारा देवी, रिंकी देवी, महानगर महिला समिति अध्यक्ष अंजली देवी, उपाध्यक्ष नीतू देवी, साक्षी कुमारी, रिंकी गुप्ता, महासचिव रंजन चौधरी, सहसचिव प्रिया कुमारी, जानवी दे, स्वाति कुमारी, प्रिया तिवारी, संगठन सचिव ललिता देवी, संगठन सचिव सेजल कुमारी, मंत्री विजय सिंह, अंजली वर्मा, सचिव सुधा पाल, युवा समिति अध्यक्ष आर्यन रजक, कार्यकारिणी अध्यक्ष अभियान कुमार, उपाध्यक्ष कार्तिक रजक और मयंक वर्मा सहित अन्य का योगदान रहा।

# सीसीएल क्वार्टर में रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग

**बाल बाल बची गृहिणी, पांच लाख रुपये मूल्य के सामग्री जलकर राख**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कुजू।** सीसीएल आरा कोलियरी 96 नंबर कॉलोनी स्थित एक क्वार्टर में शनिवार की दोपहर खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग पूरे कमरे में फैल गयी। जिससे लगभग पांच लाख रुपए मूल्य के साम्रगी जलकर राख हो गये। वही, गृहिणी बाल बाल बच गयी। घटना के बाद लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। घटना के संबंध में क्वार्टर में निवास कर रहे अभिनंदन सिंह उर्फ बिक्कू सिंह की पत्नी प्रीति सिंह ने अग्निशमन पदाधिकारी रामगढ़ के समक्ष अपने बयान में कहा कि शनिवार 11 बजे खाना बनाने के दौरान अचानक रसोई गैस सिलेंडर में लिकेज होने से आग लग गयी। अफरातफरी माहौल के बीच घर से बाहर निकलकर शोर मचाया। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी सफल नहीं हो सके। करीब एक घंटे मशक्कत के बाद रामगढ़ व घाटों से आये फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। इधर, भयावह आग की लपटे को देख आसपास के लोगों ने अपने घरों के सिलेंडर को निकाल खुला क्षेत्र में रख दिया। आग पर काबू पाये जाने के बाद क्वार्टर वासियों ने राहत की सांस ली। वही, मौके पर कुजू ओपी के सअनि सुधीर ठाकुर सदल बल पहुंचकर लोगों को आग लगी क्षेत्र से हटाने का कार्य किया। इस घटना में घर में रखे सामग्री, आभूषण, रुपया, टीवी, दिवान समेत कपड़े जल का राख हो गये। प्रीति सिंह अपने पुत्र आयुष सिंह (नौ वर्ष) और पुत्री पीहू सिंह (4 वर्ष) के साथ उक्त क्वार्टर में रहते है। वही, पति अभिनंदन सिंह अपने कार्य से बाहर व दोनो बच्चे स्कूल गये थे।

# सांसद जयंत सिन्हा को संसद महारत्न पुरस्कार से किया गया सम्मानित, हर्ष

**मेरा मूलमंत्र 'सेवा परमो धर्मः जयंत सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** 5 वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को संसद महारत्न पुरुस्कार' से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के लिए पूरा हजारीबाग क्षेत्र के लोग और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता काफी उत्साहित है।

जयंत सिन्हा को 17 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में इस पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। जयंत सिन्हा ने इस दौरान निर्णायक समिति के अध्यक्ष केंद्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और उपाध्यक्ष पूर्व इलेक्शन कमिशन अध्यक्ष टी एस कृष्णामूर्ति का आभार व्यक्त किया। मेरा मूलमंत्र 'सेवा परमो धर्म जयंत सिन्हा ने कहा कि मुझसे बहुत लोग पूछते हैं कि आप अपना सफल और प्रगतिशील कैरियर छोड़कर राजनीति में क्यों आये? तो मैं उनसे यही कहता हूं कि मेरा मूलमंत्र 'सेवा परमो धर्मः' है। मैं हजारीबाग लोकसभा की जनता के आशीर्वाद व विश्वास से ही सेवा कर पाता हूं। मेरे क्षेत्र की जनता ने मुझे चुनाव में दो बार ऐतिहासिक जीत दिलाकर अपना आशीष दिया है। इसलिए मैं यह सम्मान अपने हजारीबाग व रामगढ़ के परिवार को समर्पित करता हूं। नये भारत के निर्माण में योगदान देना मेरे लिए अत्यंत गर्व व सौभाग्य की बात है। मैं समिति के सभी सदस्यों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि 2024 में भी मेरे क्षेत्र की देवतुल्य जनता अपना आशीष देगी।

### हर मुद्दे को मुखर होकर उठाते रहे हैं जयंत सिन्हा

जयंत सिन्हा का सांसद के रूप में लोकसभा में और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त समिति का बहुत ही बेहतर प्रदर्शन रहा है। वे हजारीबाग लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए सदन के सभी सत्रों में क्षेत्र व राष्ट्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते रहे हैं। उन्होंने पिछले 5 वर्षों में सदन में देशहित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किये हैं। 2019 से लेकर अभी तक सदन में लगभग 1,000 प्रश्न उठाये हैं। 24 विषयों पर डिबेट की है और जीरो आवर के तहत 54 और नियम 377 के तहत 29 महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। साथ ही उनकी उपस्थिति लगभग 100 प्रतिशत रही है।

## हेहल में खाद्य सामग्री का वितरण




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** अर्पिता महीला मंडल के मार्गदर्शन में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना क्षेत्र की प्रेरणा महिला समिति एवम रजरप्पा क्षेत्र की अपर्णा महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए हेहल के बिरहोर बस्ती में बिरहोर और मल्हार के बीस असहाय बच्चों के बीच स्कूल बैग और खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर उपस्थित प्रेरणा महिला समिति के अध्यक्षा शिवानी सिंह ने कहा मानवसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं, जरूरतमंद लोगों की मदद कर ही प्रेरणा महिला समिति ने अपनी पहचान बनाई है। मौके पर प्रेरणा महिला समिति की ओर से बिना सिंह, परोमिता विश्वास, नीतू सिंह, पुष्पा भवन, सुषमा प्रसाद अपर्णा महिला समिति की ओर से रजनी कुमारी, पुष्पा देवी, कंचन, स्थानीय वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविका के साथ की गयी मारपीट



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भोजपुर गांव के भौरहा टोला के आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के साथ शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के दौरान मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट में घायल आंगनबाड़ी सेविका बेबी देवी ने हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। मारपीट के दौरान आंगनबाड़ी सेविका का सिर फट गया है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी है। आंगनबाड़ी सेविका ने मारपीट का आरोप अपने गांव के राजदेव भुइयां, उसकी पत्नी सीतबिया देवी और गांव के ही सनी कुमार और संटू कुमार पर लगायी है। सेविका बेबी देवी का कहना है कि वह केंद्र का संचालन कर रही थी। इसी दौरान सभी लाठी डंडा से लैस होकर आये और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र को खाली करने की बात कहने लगे। ऐसा नहीं करने पर केंद्र पर उत्पात मचाने लगे और सेविका के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में घायल सेविका हंटरगंज थाना में इस संबंध में आवेदन दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष के लोग भी मारपीट में घायल हुए हैं। सेविका के द्वारा लगाये गये इस आरोप को दूसरे पक्ष के लोगों ने बुनियाद बताया है।

## रुद्र नारायण महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवनवार गांव में शनिवार को तीन दिवसीय रुद्र नारायण महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ की गयी। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ मंडप से सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और युवतियों ने कलश लेकर निलांजन नदी घाट पर पहुंची। जहां आचार्य रविंद्र कुमार के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। जिसके बाद जयकारे के साथ पूरे बाजार, नावाडीह, खूंटीकेवाल खुर्द भ्रमण कर मंडप में प्रवेश किया और विधि विधान से कलश की स्थापना की गयी। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और महिला श्रद्धालु शामिल हुए।

## पेंशन योजना से जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार करने का लिया निर्णय: मुखिया



**मांडू (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय मांडू चट्टी में शनिवार को मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में जनसेवक ज्ञानी प्रताप भारती उपस्थित थे। बैठक में राज्य योजना अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना क्रियान्वित को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा 50 से 60 वर्ष आयुवर्ग के महिलाओं, एसटी/एससी के योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजना से आच्छादित करने की बात कही गयी। इसके लिए पंचायत में प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। ताकि लाभुकों को पेंशन से जोड़कर लाभ पहुंचा जा सके। बैठक में मुख्य रूप से जनसेवक ज्ञानी प्रताप भारती, उपमुखिया पंकज कुमार गुप्ता, मनोज कुमार मोदी, चुरामन गंझू, गीता देवी, भानो देवी, देवंती देवी उपस्थित थे।

## बेबी देवी को मंत्री बनाये जाने पर दी बधाई



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चंपाई सोरेन सरकार में बेबी देवी को मंत्री बनाए जाने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश महतो ने रांची स्थित आवास पर मुलाकात कर उन्हें बधाई दिया। इस दौरान ओमप्रकाश महतो ने कहा कि बेबी देवी को दूसरी बार मंत्री बनाये जाने से प्रदेश में खुशी की लहर है, इनके बनने से झारखंड प्रदेश का दोगुनी रफ्तार से विकास के नये कीर्तिमान स्थापित होगा और प्रदेश में प्रगतिशील परिवर्तन लाने में सफल होंगे। शेष कार्यो को पुरा कर एक नई इतिहास रचेगी। बधाई देने वाले में लालटु महतो, केदारनाथ महतो, अर्जुन नंदी,संजू महतो, रंजीत दास आदि लोग शामिल थे।

## इको पार्क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने शनिवार को बलकुदरा में सीसीएल प्रबंधन द्वारा कराये जा रहे इको पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सतीश सिन्हा ने कहा की ठेकेदार द्वारा इको पार्क निर्माण का कार्य नियमानुसार नही किया जा रहा है। अगर नियम के मुताबिक काम नही होता है तो खानपूर्ति नही होने देंगे। कंपनी का पैसा बर्बाद नही होना चाहिए। उन्होंने कहा की पैसा का सही उपयोग हो, ताकि स्थानीय लोगो को इको पार्क से रोजगार मिल सके। निरीक्षण के मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड सदस्य कमलेश कुमार, क्षेत्रीय क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड सदस्य अजीत सिन्हा, सह सचिव सनी कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, विकाश कांत सिन्हा, प्रभाष दास, शैलेंद्र कुमार सिंह मौजूद थें।

# पहनावे पर बंदिश क्यों

नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में अब कुर्ता-पायजामा पहनेंगे। फौज में भारतीय परंपराओं को अपनाने और औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए यह पहल हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि संस्कृति और इतिहास से हमारी पोशाक भी जुड़ी रही है। और, कपड़े-लत्ते और पहनावा पहचान का भी हिस्सा हैं। लेकिन भारत के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि विविधता इसका स्वभाव रहा है। बाहर से अलग धर्म, नस्ल के लोग आये और यहां के जीवन-संस्कृति और इतिहास का हिस्सा बन गये। इन लोगों ने भारतीय संस्कृति से बहुत सारी चीजों को अपनाया और उन्होंने कई चीजें यहां के कल्चर को दीं। ये चीजें आज भी भारत की बोली-भाषा, खान-पान से लेकर लिबास तक का हिस्सा हैं। अब जिस कुर्ता-पायजामा को नौसैनिकों को मेस में पहनने को कहा गया है, खुद उसका इतिहास भी इस विविधता का आइना है। दरअसल, सलवार-कमीज का ही एक रूप कुर्ता-पायजामा है, जिसे मुगल पहना करते थे। वहीं, शेरवानी हिंदुस्तानी कल्चर में तुर्किये और फारस के लोगों के साथ आयी। कपड़ा पहचान के साथ सामाजिक रुतबे का भी प्रतीक है। राजा-बादशाहों के दौर में शाही परिवार, दरबारियों और आम लोगों की पोशाक में फर्क हुआ करता था। औपनिवेशिक काल में ऐसे भारतीयों की कमी नहीं थी, जो अंग्रेजों की तरह कपड़े पहनते थे, उनकी भाषा में बातें करते और खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ समझते। यही नहीं, जब अंग्रेज अपने फायदे के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को तबाह करने लगे तो महात्मा गांधी ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार का आह्वान किया। यह तब प्रतिरोध का जरिया और आजादी के आंदोलन का प्रतीक बना। ऐसा भी नहीं है कि सामाजिक हैसियत और कपड़े का यह जुड़ाव खत्म हो गया है। आज भी अमीर क्या पहनते हैं, इसे लेकर चर्चा होती है। कान फिल्म फेस्टिवल और ऑस्कर जैसे समारोहों में रेड कार्पेट पर सिलेब्रिटीज से पूछा जाता है कि उन्होंने किस डिजाइनर के बनाये कपड़े पहने हैं। यह उनकी अलग पहचान गढ़ता है। गुची, अरमानी, जिमी चू, लुई वितां जैसे ब्रैंड इसीलिए फल-फूल रहे हैं क्योंकि समाज का एक तबका कपड़े-जूतों-बैग से अपनी बेहतर सामाजिक हैसियत का ऐलान करना चाहता है। समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रैंडों की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से जारा और एच&एम जैसे ब्रैंडों ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये उस नये भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जिसकी शुरुआत नब्बे के दशक के आर्थिक सुधारों के साथ हुई। भारत ने तब अपने बाजार दुनिया के लिए खोल दिये। वैश्वीकरण की सीढ़ियां चढ़ कर वह दुनिया की 5वीं बड़ी इकॉनमी बना। आज मीडिया-इंटरनेट की बदौलत लोग दुनिया के पहनावे और लेटेस्ट फैशन से वाकिफ हैं।

**समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रैंडों की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से जारा और एच&एम जैसे ब्रैंडों ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद, इस क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर फसलोत्तर प्रबंधन और बाजार पहुंच संबंधी। इन चुनौतियों को समझते हुए, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जुलाई 2020 में कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ) का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे को बढ़ा कर, घाटा कम करना और नवाचार को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।**

# कृषि अवसंरचना कोष: भारत के कृषि-भविष्य के लिए एक उत्प्रेरक

**दीपक पारीक**




भारत का कृषि क्षेत्र, इसकी अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और 55% से अधिक आबादी की आजीविका को प्रभावित करता है, जो इसे राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद, इस क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर फसलोत्तर प्रबंधन और बाजार पहुंच संबंधी। इन चुनौतियों को समझते हुए, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जुलाई 2020 में कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ) का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे को बढ़ा कर, घाटा कम करना और नवाचार को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

एआइएफ योजना के उद्देश्य स्पष्ट और प्रभावशाली थे: मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण जुटाना, फार्म गेट बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, फसलोत्तर नुकसान को कम करना और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देना।

एआइएफ सिर्फ एक निवेश नहीं था; यह परिवर्तन की प्रतिबद्धता थी। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 तक लक्षित मंजूरी और संवितरण के साथ, इस योजना को वित्तीय सहायता तंत्र के सम्मिश्रण के रूप में पेश करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें 3% ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी कवरेज शामिल है, जिससे वृद्धि और विकास के लिए मजबूत आधारशिला तैयार हो सके। एक लाख करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी वित्तीय परिव्यय के साथ, इस योजना ने किसानों, सहकारी समितियों और कृषि उद्यमियों के लिए नये क्षितिज खोलते हुए, ब्याज छूट, क्रेडिट गारंटी और लाभों के अभिसरण की पेशकश की है।

**एआइएफ पोर्टल पर 0.99 लाख बैंक शाखाओं का एकीकरण हुआ और इसमें 1.27 लाख पंजीकृत आवेदक हैं।**

समय के साथ जैसे ही एआइएफ ने लोकप्रियता हासिल की, भारत के कृषि परिदृश्य में एक उल्लेखनीय परिवर्तन दिखना शुरू हो गया। फंड के तहत 15 फरवरी, 2024 तक 52,671 परियोजनाओं के लिए 37,653 करोड़ रुपये मंजूर किये गये, जबकि 23,000 करोड़ रुपये का वितरण करते हुए इस क्षेत्र में 63,580 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया गया। पंजाब के हरे-भरे खेतों से लेकर तमिलनाडु के उद्योगी खेतों तक, कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं सहित असंख्य परियोजनाएं सामने आयीं, जिनमें से प्रत्येक कृषि के कायाकल्प के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एआइएफ ने 11,434 कस्टम हायरिंग सेंटर, 11,284 गोदाम और 1,549 कोल्ड स्टोर परियोजनाओं सहित 51,248 फसलोत्तर और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु सुविधा प्रदान की है। यह बुनियादी ढांचा विकास फसलोत्तर नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने वाली थी, जिससे 11 एलएमटी खाद्यान्न की अनुमानित वार्षिक बचत हुई और बागवानी फसलों के उपज के बाद के नुकसान में 2.7 एलएमटी की कमी आयी है। इसके अलावा, यह अनुमान लगाया गया है कि एआइएफ के तहत बनाये गये बुनियादी ढांचों के कारण किसानों को उनकी उपज के लिए 11-14% अधिक कीमत मिल सकती है।

एआइएफ का गहरा प्रभाव रहा है। गांवों में, जहां अन्न भंडार भरने लगे, शीत भंडारों में परिश्रम के उत्पाद संरक्षित होने लगे और फसलोत्तर नुकसान में कमी आने लगी। बेहतर बुनियादी ढांचे से संपन्न किसानों ने पाया कि उनकी उपज को अधिक कीमत मिल रही है, उनकी आय मानसूनी नदियों की तरह बढ़ रही है। 24,000 से अधिक कृषि-उद्यमियों के नींव द्वारा 5.1 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों के सृजन ने समृद्धि के युग की शुरुआत कर दी है।

परोक्ष में, रणनीतियों की एक सहवादन बजती रही। एआइएफ का ऑनलाइन पोर्टल डिजिटल स्थल बन गया जहां अनुप्रयोग अंकुरित और फलीभूत हुए। सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान विकसित हुए, जबकि सम्मेलनों और प्रदर्शनियों ने इस बात को दूर-दराज तक फैलाया। सावधानीपूर्वक देखभाल की गयी फसल की तरह प्रत्येक पहल ने योजना की बढ़ती सफलता में योगदान दिया। एआइएफ पोर्टल पर लगभग 0.99 लाख बैंक शाखाओं का एकीकरण हुआ और इसमें 1.27 लाख पंजीकृत आवेदक हैं, यह पोर्टल लाभार्थियों, ऋण देने वाली संस्थाओं और योजना में शामिल अन्य महत्वपूर्ण हितधारकों के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में खड़ा है। यह पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ ऋण आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सभी पक्षों को अपनी वित्तीय बातचीत के लिए एक सहज, कुशल तंत्र तक पहुंच प्राप्त हो।

जैसे-जैसे एआइएफ की कहानी भारत की कृषि चित्रपट पर सामने आती है, यह आशा और प्रगति की कहानी बुनती है। बेहतर बुनियादी ढांचे, घाटे में कमी और सशक्त किसानों द्वारा चिह्नित इस योजना की विरासत एक ऐसे भविष्य का वादा करती है, जहां भारत में कृषि केवल अस्तित्व का साधन नहीं बल्कि एक संपन्न, जीवंत क्षेत्र है और इस भविष्य में, जैसे ही सूरज खेतों पर निकलता है, यह परिवर्तित भूमि को रोशन करता है, जो कृषि अवसंरचना कोष के पानी से सिंचित भारत और इसके किसानों की स्थायी भावना का एक प्रमाण है।


**लेखक के बारे में**

दीपक पारीक एक कृषि अर्थशास्त्री, एक सीरियल उद्यमी, निवेशक और कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में पारिस्थितिकी तंत्र निमार्ता हैं। इनके पास विभिन्न परियोजनाओं पर 34 देशों में काम करने का 25 वर्षों का विविध अनुभव है। वह विश्व आर्थिक मंच, यूएनडीपी और विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा सम्मानित एक सुशोभित टेक्नोक्रेट हैं। वह कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विभिन्न निजी, सार्वजनिक और बहुपक्षीय संगठनों को भी सलाह देते हैं।


## जमशेदपुर की खबरें

# विद्युत वरण महतो को उत्कृष्ट कार्य के लिए संसद महारत्न पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नई दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान सांसद बिद्युत बरण महतो के द्वारा 17वें लोकसभा में निरंतर 5 वर्ष तक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संसद महारत्न पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मंच में उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित भी किया गया। प्राइम पॉइंट फाउंडेशन के द्वारा गठित संसद रत्न अवार्ड समिति के द्वारा विगत 14 वर्षों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सांसदों चयनित किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रेरणा से इस पुरस्कार की शुरूआत की गई थी। संसदीय कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले और सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सांसद के कार्यों का विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सूचना से समुचित मूल्यांकन के पश्चात सांसदों का चयन किया गया। मौके पर चयन समिति के चेयरमैन और संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सह चेयरमैन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी एस कृष्णमूर्ति शामिल रहे। सांसद महारत्न पुरस्कार के लिए सांसद बिद्युत बरण महतो के अतिरिक्त एन के प्रेमचंद्रन केरला ,अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस)पश्चिम बंगाल और डॉक्टर हिना गावित (बी जे पी)महाराष्ट्र को सम्मानित किया गया। सम्मान संमरोह में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ,तेलंगाना के राज्यपाल महामहिम डॉक्टर चमेली साईं सुंदर राजन एवं गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति न्यायाधीश संजय किशन कॉल उपस्थित रहे। पुरस्कार मिलने के पश्चात सांसद श्री महतो ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा जनता ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के हर छोटी बड़ी मामले को संसद के पटल पर रख कर निराकरण करने का प्रयास किया गया।पुरस्कार को एक बार पुनः जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के समस्त जनता के लिए समर्पित है। यह उनके प्यार और स्नेह का परिणाम है।

# अयोध्याधाम के लिए श्रद्धालुओं को भाजपा जिला कार्यालय से मिलेगा ट्रेन का टिकट

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। राम लला के दर्शन के लिए 19 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन टाटानगर रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना होगी। अयोध्याधाम की सफल व सुगम यात्रा को लेकर भाजपा महानगर की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई। शनिवार को अयोध्याधाम यात्रा के जिला संयोजक सुबोध झा,मंजीत सिंह व बिनोद सिंह ने संयुक्त रूप से आईआरसीटीसी के वरीय पदाधिकारी संतोष कुमार से यात्रियों के टिकट व विशेष परिचय पत्र प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने आस्था स्पेशल ट्रेन और यात्रियों की सुविधा हेतु आईआरसीटीसी एवं रेलवे की ओर से की गई तैयारियों का विस्तारपूर्वक जानकारी ली। श्रद्धालुओं टिकट व परिचय पत्र भाजपा महानगर के साकची कार्यालय में दी जाएगी। मौके पर उन्होंने बताया रविवार सुबह 10 बजे से साकची जिला भाजपा कार्यालय में श्रद्धालुओं को टिकट एवं परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आग्रह किया स्टेशन पर अव्यवस्था का माहौल ना बने इसके लिए सभी श्रद्धालु रविवार को अपना टिकट अवश्य प्राप्त कर लें। सभी 20 बोगियों में पार्टी की ओर से बोगी प्रमुख बनाया गया है। जो बोगी में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखेंगे। ट्रेन में आरपीएफ जवान भी तैनात रहेंगे। सोमवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन में सभी रामभक्तों को स्वागत कर अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा।**

# सीआइआइ जोनल काउंसिल की वार्षिक आमसभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीआईआई जोनल काउंसिल की वार्षिक आमसभा शहर के एक होटल में मनाया गया। आमसभा में जमशेदपुर चैप्टर के लिए नये अध्यक्ष दिलू विपिन पारिख को बनाया गया। वही टाटा मोटर्स जमशेदपुर प्लांट के प्रमुख रवीन्द्र कुलकर्णी को उपाध्यक्ष बनाया गया। फिलहाल दिलू विपिन पारिख निवर्तमान जोनल चेयरमैन व टीआरएफ के एमडी उमेश सिंह की जगह लेंगे। इस अवसर पर सीआईआई के झारखंड स्टेट चेयरमैन उज्जल चक्रवर्ती मौजूद रहे। उन्होंने जमशेदपुर में विकास के लिए एमएसएमई पर जोर देते हुए कहा प्रशासन के साथ मिलकर उद्योग और व्यापार के विकास में काम करना होगा। आम सभा में सीआईआई झारखंड स्टेट के वाईस चेयर रंजोत सिंह, सीआईआई झारखंड स्टेट के पूर्व अध्यक्ष तापस साहू और स्टेट और जोनल काउंसिल के सदस्य किल्लोल कमानी मौजूद रहे। अध्यक्ष बने दिलू विपिन पारिख का ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में बीते 30 साल का अनुभव रहा है। उन्होंने टाटा मोटर्स के कमर्शियल वाहनों के डीलर के साथ मर्सीडिज बेंज पैसेंजर कार के डीलर भी है। लोयोला से स्कूलिंग करने वाले दिलू विपिन पारिख कई संस्थाओं से भी जुड़े हैं।एपीएआई,एयर पैजेंसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया और डीलर एडवाइजरी कमेटी के सदस्य हैं। पारिख को टाटा मोटर्स से कई उत्कृष्टता पुरस्कार बजी मिले हैं। वही टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवीन्द्र कुलकर्णी के पास भी तीन दशकों का समृद्ध और विविध अनुभव है। 1994 में भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स में शामिल होने के बाद कुलकर्णी ने मैन्युफैक्चरिंग, काइजन और पिक अप्स के नए उत्पाद परिचय पर काम किया है। वर्तमान में वे जमशेदपुर प्लांट का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी मुख्य दक्षता और रुचि में विनिर्माण योजना,लीन विनिर्माण और काइजन हैं। रवींद्र कुलकर्णी को व्यवसाय की गहरी समझ है। उन्होंने व्यवसाय में भी बदलाव लाकर लाभदायक बनाया है।

# टाटा स्टील ने इनोवेंचर' की सफलता के जश्न के लिए स्टार्ट अप नाइट 'इग्नीशिया' के पहले संस्करण का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने इनोवेंचर' के सफलता की जश्न मनाने के लिए स्टार्ट अप नाइट 'इग्नीशिया' के पहले संस्करण का आयोजन किया। मौके पर स्टार्ट अप नाइट 'इग्नीशिया' में 20 से अधिक संस्थापकों व टाटा स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व सहित 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मौके पर टाटा स्टील ने कंपनी के विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों के द्वारा शुरू की गई उत्कृष्ट परियोजनाओं को सम्मानित करते हुए समर्थन में अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान गहन चचाओं,उत्पादक, आदान-प्रदान व आनंदमय से संमरोह मनाया गया। पांचवें वर्ष में यह टाटा स्टील के प्रमुख कार्यक्रम रहा। जो चुनौतियों को समाधान करने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से स्टील वैल्यू चेन व अन्य चिन्हित रुचि वाले क्षेत्रों में बाहरी भागीदारों के साथ सहयोग को सक्षम बनाता है। इसके माध्यम से क्षेत्रों में जोर देने वाले डीकाबोर्नाइजेशन,खनन,सरफेस इंजीनियरिंग, एडवांस मटेरियल्स, परिचालन उत्कृष्टता, वेस्ट एनर्जी रिकवरी, वाटर ट्रीटमेंट, सुरक्षा व सस्टेनेबिलिटी शामिल हैं। इनोवेंचर कार्यक्रम में वेंचर कैपिटल फर्म, शिक्षाविदों, सरकारी संगठनों व मार्किट इंटेलिजेंस प्लेटफार्मों में साझेदारों को मजबूत वैश्विक नेटवर्क के माध्यम से प्रासंगिक स्टार्ट-अप की खोज और पहचान करता है। टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ देबाशीष भट्टाचार्जी ने कहा बीते चार वर्षों में टाटा स्टील का इनोवेशन इकोसिस्टम कई अलग क्षेत्रों में स्टार्ट-अप के भीतर भारत की उभरती क्षमताओं का प्रमाण है। टाटा स्टील ने स्टार्ट-अप प्रदान कर समाधानों को सफल कार्यान्वयन की मान्यता देने के लिए इग्नीशिया की मेजबानी की।इससे दुनिया के कुछ प्रतिभाशाली मष्तिष्कों और टाटा स्टील के सहयोगियों के बीच जुड़ाव के बल पनपता है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** सरस्वती पूजा के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह सायेरपाड़ा गांव में छौऊ नाच का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। विधायक ने झारखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कमिटी के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। वही बोड़ाम प्रखंड के रशिकनगर पंचायत अंतर्गत सुसनी नामो पाड़ा में न्यू महाशक्ति संघ द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा में शामिल होकर विधायक ने मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। मौके पर झामुमो नेता हिमांशु महतो, काजल सिंह, नेत्री बेबी महतो, खेत्रमोहन गोप, संतोष महतो, उमापद दास, गौरीशंकर महतो, काजल महतो, संजय महतो, विजय महतो, स्वपन महतो, अग्निदेव महतो, राजीव कुंभकार, मनोज महतो, राम कुमार, आस्तिक कुंभकार, युधिष्ठिर कुंभकार, राजीव महतो सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है बेहतर चिकित्सा व्यवस्था : एसपी

**प्रभात मेडिकल सेंटर के 13 वें स्थापना दिवस पर हृदय जांच शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय प्रभात मेडिकल सेंटर के 13वें स्थापना दिवस पर मेगा हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सिविल सर्जन डॉ उमेश्वरी कुमारी डॉ एनके रजक, बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सह समासेवी अलखनाथ पांडेय, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव जेपी सिंह तथा डॉ मो यासीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे ने कहा कि गढ़वा जैसे छोटे शहर में इतनी बेहतर चिकित्सा व्यवस्था जिले के गरीब लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं होगा जब नया जेनरेशन गढ़वा जैसे शहर में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल खोलेंगे उन्होंने कहा कि दिल की बीमारी के अलावे कई ऐसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गढ़वा के लोगों को रांची पटना और बनारस जैसे शहरों में जाना पड़ता था। लेकिन अब गढ़वा में सभी तरह की सुविधा बहाल हो गई है। जिसका लाभ गढ़वा वासियों को मिल रहा है। एसपी ने कहा कि नया जनरेशन में डॉ पंकज प्रभात ने कार्डियो के क्षेत्र में मिशाल कायम कर लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। वहीं आने वाला जेनरेशन सुपर स्पेशलिटी और मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाकर चिकित्सा के क्षेत्र में गढ़वा जिला को आत्मनिर्भर बनायेंगे। शिक्षाविद् सह समाजसेवी भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि डॉ पंकज प्रभात गढ़वा जिले के पहले डीएम कार्डियोलॉजी है, जो हृदय रोगियों का इलाज और ऑपरेशन कर रहे हैं। इसके पहले हृदय रोगियों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस दौरान अस्पताल पहुंचने से पहले ही आधे से अधिक लोगों की असमय मौत हो जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब एनजीओ प्लास्टिक, पेस मेकर जैसी सुविधाएं गढ़वा में उपलब्ध हो गयी है। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया।

# अनुसूचित जाति विरोधी है गठबंधन सरकार: लक्ष्मण

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** झारखंड के नई नवेली चंपई सोरेन सरकार अनुसूचित जाति का विरोधी है ये सरकार अनुसूचित जाति का अपमान करने वाली है। उक्त बातें भाजपा के गढ़वा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा। लक्ष्मण राम ने कहा कि झारखंड में लगभग 50 लाख की आबादी वाले अनुसूचित जाति के बेटे को मंत्रिमंडल गठन में अपमानित करने का कार्य कांग्रेस, झामुमो ने किया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति का बेटा बैजनाथ राम को निमंत्रण देने के बाद उनको मंत्री नहीं बनाना यह अनुसूचित जाति के प्रति दुर्भावना का विचार झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल पार्टी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अपने कैबिनेट में एक भी अनुसूचित जाति को नहीं रखना यह अनुसूचित जाति के प्रति संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है साथ ही अपने कैबिनेट में दो-दो अल्पसंख्यक को रखना यह साबित करता है कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, तुष्टिकरण की राजनीतिक करती है। तुष्टीकरण करने के लिए ये किसी का भी बलि दे सकते हैं, किसी का भी अधिकारों को छीन सकते हैं। दलित समाज को हमेशा छलने वाला कार्य करने वाली सरकार दलितों का कभी भला नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ राम जी को भाजपा ने अपने मंत्रिमंडल में जगह दिया था, पर दुख की बात है कि उनको सूचना देने के बाद कांग्रेस के दबाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा उनको शपथ नही लेने देती है। जो दलितों और वंचितों, शोषितों का बहुत बड़ा अपमान है यह अपमान झारखंड के 50 लाख अनुसूचित जाति के साथ-साथ पूरे भारत के अनुसूचित जाति के लोग कांग्रेस और झामुमो को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने भाजपा में शामिल हुए घुरण राम पर कटाक्ष करते हुए सत्यानंद भोक्ता को अनुसूचित जाति के बारे में बता दिया, जबकि वे एक संवैधानिक पद पर है, उन्हें बोलने से पहले जानकारी लेना चाहिए कि सत्यानंद भोक्ता वर्तमान में किस वर्ग से आते हैं। इस समाज का उत्थान के लिए कौन बात रखेगा जो व्यक्ति अपने मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति को नहीं शामिल कर सकता, क्या उसकी विकास के बारे में सोचेगा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में अनुसूचित जाति ऐसे मौकाफरसत पार्टियों को सबक सिखाने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा कि पूरा चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल अनुसूचित जाति विहीन है। ऐसे में अनुसूचित जाति की बात को कौन रखेगा। उन्होंने चंपाई सरकार में अनुसूचित जाति की भागीदारी को सुनिश्चित करने की मांग करते हुए राजपाल से भी उचित कदम उठाने की बात कही है। मौके पर रघुराज पांडे, रविंद्र पासवान, अनिल पासवान, सुधीर प्रजापति, विक्रांत, अशोक सेठ, ओम प्रकाश गुप्ता, अविनाश, विभूतिभूषण, कनिश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत 20 से 22 फरवरी तक सभी पंचायतों में लगेगा विशेष कैंप

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रभारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीरज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के सभी महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने के उद्देश्य से 20 से 22 फरवरी 2024 तक गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों/वार्डों में विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से प्रतिमाह एक हजार (1000) रुपये पेंशन दी जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति के योग्य लाभुकों को अपने आवेदन पत्र के साथ-साथ आयु प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अथवा आधार नहीं होने पर इस आशय का स्वघोषणा पत्र, बैंक खाता का पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के 50 से 59 वर्ष की आयु वर्ग के आवेदक (पुरूष) का जाति प्रमाण पत्र, पात्रता संबंधी स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य है, जबकि महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं है। प्रभारी सहायक निदेशक ने बताया कि समर्पित किये गयें आवेदनों का जांचोपरांत योग्य लाभुकों को पेंशन योजना ला लाभ दिया जायेगा।

## लड़की को खपड़बिच्छा ने काटा, गढ़वा रेफर

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल अंतर्गत रमकंडा प्रखंड के सूली पटसर गांव निवासी नारायण राम की पुत्री रूबी कुमारी (16 वर्ष) लगभग को खपड़बिच्छा ने काट लिया है। जिसके विष से लड़की अचेतावस्था में हो गयी है। परिजनों ने 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल) रंका लाये, जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। किंतु लड़की की गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रंका झामुमो कमेटी ने गढ़वा में स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू से समुचित इलाज कराने के लिए आग्रह किया है।

## राम ही सत्य हैं, संसार माया है : देवी धर्ममूर्ति



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम राणाडीह में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के चौंतीसवें अधिवेशन के दुसरे दिन प्रवचन सत्र में माता सती की महिमा का वर्णन किया गया। श्रीराम की नगरी अयोध्याधाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति ने संगीत के माध्यम से देवी सती का भाव पूर्ण वर्णन किया। देवी धर्ममूर्ति ने कहा कि भगवान शिव सती जी को बताते हैं कि राम ही सत्य हैं, संसार माया है। कहा कि भगवान का नाम जिसने लिया उसका उद्धार निश्चित है। कहा कि बार बार गलती करना अपराध होता है, जिसका कोई क्षमा नहीं है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के गलती से बचने का आह्वान किया। यज्ञ 24 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ को सफल बनाने में मार्गदर्शक ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे,श्याम सुन्दर शर्मा, शिवदेव चौबे,यज्ञ कमीटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र चौबे, सचिव विजय पाण्डेय, उपाध्याय प्रदीप दुबे, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, चंद्रमणी, गोरखनाथ सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए हैं।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी गयी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** जननायक कपूर्री ठाकुर लोक चेतना मंच के द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर का पुण्यतिथि मनाया गया। चेतना मंच की ओर से शनिवार को कपूर्री चौक पर स्थापित भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा के समक्ष उनकी 36 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साव, चेतना मंच के अध्यक्ष सोनू ठाकुर, सचिव नीतीश कुमार, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रखंड अध्यक्ष भृगुण ठाकुर, अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर, ने सयुक्त रूप से उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# शिकायत प्राप्ति पर मामले की त्वरित गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो समेत अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी और रंका समेत कई वरीय पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही थाना प्रभारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया गया और निर्गत रसीद देखने को कहा गया। जिला खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा द्वारा अवैध खनन परिवहन भंडारण के बाबत कृत कार्रवाइयों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि अब तक 110 वाहनों की जब्तीकरण किया गया है, जिसके फलस्वरुप कुल वसूली की जुर्माना राशि 24.05 लाख वसूल की गयी है।

## स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही।** नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा के द्वारा सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में शनिवार को भारत रत्न जननायक स्व. कपूर्री ठाकुर के पुण्यतिथि के अवसर पर विचार संगोष्ठी का समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी सह लेखापाल चार्ल्स बोदरा ने कहा कि समाज के दबे-कुचले लोगों को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने में जननायक कपूर्री ठाकुर की त्याग तपस्या से हम लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। इसके साथ ही कॉलेज परिसर में युवाओं के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राची कुमारी प्रथम, दीपिका कुमारी द्वितीय और सिमरन सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रोफेसर संजय केशरी, उमेश सहाय, किरण, शारदा, दिवाकर, सलीमा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यालयः– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

पत्रांक................(DHS) कोडरमा, दिनांक........ / 02 / 2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सदर अस्पताल, कोडरमा एवं कोडरमा जिले के अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023–24 एवं 2024–25 में पैथोलॉजी, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग इम्प्लांट, नार्मल डिलीवरी किट, सी सेक्शन किट और पोस्ट ऑपरेटिव किट के विभिन्न सामग्री के लिए आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 निर्गत हो) से दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी या सप्लायर से मुहरबंद निविदा दिनांक 04.3.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन– 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदा दाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को रहना अनिवार्य है। निविदा के नियम एवं शर्ते www.koderma.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR 319377 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, उप कारा, खूँटी**

ई०–निविदा सूचना

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-2/2024/723**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. **विषय–**कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जीयों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई॰–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.04.2024 से 30.06.2024 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) Online स्वीकार की जायेगी, जो निम्न प्रकार है – 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
4. वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय– 01.03.2024 से 06.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा Online upload करने की तिथि– 01.03.2024 से 06.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
6. आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि–दिनांक–07.03.2024 से 09.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7. अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। दिनांक–07.03.2024 से 09.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8. निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान–तिथि–11.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में।

**नोटः–**

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.319286 Prison(23-24):D

अधीक्षक, उप कारा, खूँटी

# अबुआ आवास में गरीब असहाय लाभ से वंचित, सक्षम लोगों का नाम सूची में जुड़ा

**सरकारी बाबुओं और प्रतिनिधियों की मनमानी**

जितेंद्र यादव




**पक्ष में :** डंडई प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने कहा कि इसकी जानकारी हमें नहीं है। आवेदन मिलने पर जांच- पड़ताल कर कार्रवाई करते हुए आवास योजना का लाभ दिया जायेगा।

**डंडई (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास शुरूआती दौर में ही सरकारी बाबुओं, पंचायत कर्मियों और प्रतिनिधियों की मनमानी चक्रव्यूह में फंस गया है। ऐसा ही मामला प्रखंड के सोनेहारा, करके और अन्य पंचायतों में सामने आया है। झारखंड सरकार द्वारा बेघर व झोपड़ी नुमा घर में निवास करने वाले लोगों को रहने के लिए अबुआ आवास योजना बनायी गयी थी। जिसके तहत वैसे लोगों को अबुआ आवास के सुविधा से अच्छादित करना है। जिनके पास पूर्व में सरकारी अस्तर से किसी भी तरह से आवास का लाभ नहीं मिला है। समाज में असहाय व निहायत गरीब लोगों को चिन्हित कर आवास की सुविधा मुहैया कराई जानी है। जिनके पास पक्का मकान नहीं होना चाहिए। लेकिन ठीक इसके विपरीत पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधि व सरकारी कर्मचारी की मिली भगत से असहाय झोपड़ी में निवास करने वाले लोगों को इस लाभ से वंचित करने का खेल चल रहा है। सोनेहरा गांव निवासी सकेंद्र राम, ललिता देवी, प्रमिला देवी, इंद्रवती देवी व करके गांव निवासी फुल कुवर देवी, हीरा राम सहित अन्य लोगों ने बताया कि हमारे पास रहने के नाम पर झोपड़ी और खपड़ैल टूटा फूटा घर है। अबुआ आवास का आवेदन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिये जाने के बावजूद भी अबुआ आवास के सूची में नाम शामिल नहीं किया गया है। अबुआ आवास के जरूरतमंद लोगों का सर्वेक्षण करने का कार्य प्रखंड कार्यालय के बाबुओं को सौंपा गया था।

## हार्ट अटैक से भाजपा कार्यकर्ता की मौत, शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहने तथा लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे गोंदा गांव निवासी बलराम साह 56 वर्ष का निधन शुक्रवार की रात्रि करीब 11.30 बजे हृदय गति रूक जाने से हो गयी। उनके निधन से गांव समाज के साथ साथ भाजपाइयों में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी मिलने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, चंद्रमणि पाठक, मनोज जायसवाल आदि ने पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन किया तथा परिजनों को ढांढस बंधाया।

# राशन डीलर खाद्यान्न का ससमय वितरण करें नहीं तो होगी कार्रवाई : डीसी

**उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

**निर्वाचन, मनरेगा, राजस्व, कृषि समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुई समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गढ़वा जिला में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं और विभिन्न विषयों की उपायुक्त ने समीक्षा किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन, मनरेगा, राजस्व, कृषि, आपूर्ति, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, राजस्व, भू अर्जन समेत अन्य विषयों और विभागों पर एक-एक कर प्राप्त प्रतिवेदन और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिन राशन डीलर द्वारा खाद्यान का वितरण ससमय नही किया जा रहा है, वैसे राशन डीलर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उन्होंने इसे मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का ससमय औचक निरीक्षण करने और किसी भी डीलर के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरते जाने, तय मात्रा में अनाज न देने और अनाज आवंटित होने के बावजूद राशन लाभुकों को वितरण न करने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों को दिलाने हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया। पीएम कुसुम योजना को लेकर भी उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को और जिला कृषि पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, आधार सीडिंग, पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण समेत अन्य योजनाओं की एक एक कर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी रंका/श्री बंशीधर नगर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद समेत जिला स्तरीय संबंधित वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

Short e-Procurement Tender Notice
(2nd Call)

**Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-29/2023-24**
**Letter no-124** **Date: - 17.02.2024**
**Details of Works:-**

| SL. No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Pakka Check Dam on Chhat Ghat Nala, Village- Khagradih, Block-Jainagar, Dist-Koderma | 35.985 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 23.02.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 02.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 04.03.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,Koderma.

PR 319329 Minor Irrigation(23-24).D

# मधुकॉन कंपनी कर रही रैयत विस्थापितों की उपेक्षा, होगा जोरदार आंदोलन : बिगन भोग्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एक बयान जारी कर कहा है कि मधुकॉन कंपनी अपनी मनमानी कर रैयत विस्थापित की उपेक्षा कर रही है जिसे मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। मोर्चा ने कहा कि सबसे पहले तो मधुकॉन कंपनी मधुकम का कार्यालय जो कॉलोनी में है उसका विरोध किया जा रहा है। क्योंकि सीसीएल का सभी कार्यालय जो कॉलोनी से बाहर है जबकि मधुकॉन कंपनी का कार्यालय कॉलोनी के अंदर है। मोर्चा ने कहा कि कार्यालय को कॉलोनी से बाहर बनाया जाय। वहीं मधुकॉन में बाहरी लोगों को ठेकेदारी और बाहरी लोगों को रोजगार देने का जो काम किया जा रहा है और स्थानीय रैयत विस्थापित की अनदेखी की जा रही मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और मधुकॉन कंपनी के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगा। मधुकॉन कंपनी के कुछ अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के कारण स्थानीय रैयत विस्थापित को रोजगार नहीं देकर बाहर से लोगों को लाकर काम देने का कार्य कर रहा है जिसके कारण रैयत विस्थापित में आक्रोश व्याप्त है, ऐसे हाल में इतनी बड़ी सायलो प्रोजेक्ट अधूरा रह जायेगा।

## मोहननगर में आस्था मोटर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** मोहननगर बूढ़ी मां मंदिर के समीप शनिवार को आस्था मोटर का उद्घाटन किया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उसके बाद अतिथियों ने बिक्री की गयी एक ग्राहक को कार की चाबी सौंपा। संचालक रवि सिंह भोगता ने बताया कि इस आस्था मोटर के माध्यम से पुराने गाड़ियों की खरीद बिक्री किया जायेगा, साथ ही गाड़ियों के फाइनेंस और लाइसेंस बनाने का भी काम किया जायेगा। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, झामुमो नेता प्रदीप भोगता, रामलखन गंझू, रमेश चौहान, दसरथ तुरी, केदार तुरी, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप जेना, पवन गंझू, सोनु साव,अखिलेश प्रसाद, सनुप बैठा सहित कई लोग मौजूद थे।


# किसानों की आड़ में राजनीति करने वालों के मंसूबे विफल हों : अनुप

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** शनिवार को सांसद प्रतिनिधियों संघ कार्यकर्ताओं ने दिउड़ी मंदिर दुर्गा माता के चरणों में माथा टेका और माता से मांगा शक्ति प्रदान करने का आशीर्वाद। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को शक्ति प्रदान करने का आशीर्वाद। अर्जुन मुंडा खूंटी लोकसभा के सांसद और भारत सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्री और कृषि मंत्री के अतिरिक्त प्रभार में हैं। बताते चलें कि देश के अन्न दाता हरियाणा पंजाब के किसानों द्वारा अपने अनाजों के लिए गारंटी एमएसपी लागु करने के मामले पर अड़े हैं और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन कर रहे हैं। हरियाणा पंजाब और दिल्ली के मुख्य पथ को जाम कर दिया है। दो दौर की वार्ता हो चुका है तीसरे दौर की वार्ता रविवार को होने वाली है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि अनुप साहु तथा लक्ष्मण सिंह मुंडा ने माता दिउड़ी से प्रार्थना किया है कि अर्जुन मुंडा को अपार शक्ति प्रदान करें ताकि देश के अन्नदाताओं के साथ सार्थक वार्ता करने में सफल हो सकें और किसानों के आड़ में राजनीति करने वाले के मंसूबे विफल हों। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 37.5 करोड़ किसान पंजीकृत। एमएसपी में ऐतिहासिक लागत से 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ ही कृषि बजट में 5.6 गुना वृद्धि। किसान क्रेडिट के तहत 4 करोड़ किसानों को मिला 4.7 लाख करोड़ का कृषि ऋण साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 57 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं। माता के दरबार में सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा के साथ ही सुरेंद्रु, मदन मुडांआदि शामिल थे।

## निःशुल्क प्रशिक्षण सह रोजगार मेला का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने किया। कार्यक्रम में कुल 34 युवक युवतियों ने शिविर में अपना आवेदन जमा किया। इस मौके पर सेंटर मैनेजर विकाश शर्मा, सोफ्ट स्कील प्रशिक्षक राहुल किशोर मिश्रा, आईटी प्रशिक्षक आशिष उपाध्याय, हिमांशु गुप्ता, बशीर अक्शा, धुर्व कुमार यादव, रवि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 'रामराज के लिए मानव धर्म को अपनायें'



इटकी (आजाद सिपाही)। सत्संग संत महात्माओं की अमरवानी होती है जो उनके तप और तपस्या के द्वारा प्राप्त अनुभव को आम लोगों के जीवन को धन्य बनाने का मार्ग बताता है। मनुष्य तन के अंदर परमात्मा खुद विराजमान है। सूरत-शब्द-संग नाम योग के सरल साधना से ही मानव जीवन उद्धार होगी। दुर्लभ मानव शरीर लोक और परलोक कल्याण के लिए मिला है। परम पिता प्रमेश्वर की भक्ति पाने के लिए शाकाहारी सदाचारी और नशापान से मुक्त होना पड़ेगा। समाज में अमानवीय कार्यों के प्रति सचेत रहकर खुद को बदले और रामराज के लिए मानव धर्म को अपनाये, यहीं मनुष्य जीवन मूल सार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयगुरुदेव संगत झारखंड अध्यक्ष रामचंद्र बिहार, आयोजक सोमरा उरांव, मृत्युजय झा, अविनाश कुमार, रामसेवक महली, अमित उरांव, अर्जुण उरांव, बहाल सहित संस्थान पदाधिकारी और सदस्य की अहम भूमिका रही।

## कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी ने नये प्रखंड विकास पदाधिकारी से की मुलाकात



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा देवी ने शनिवार को खलारी प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार से मुलाकात किया। सबसे पहले उनके खलारी प्रखंड में नव पदस्थापन पर उनका स्वागत किया। उन्होंने ने अबुआ आवास योजना के बारे मे कहा कि प्रखंड के कितने पंचायत में अबुआ आवास के लिए कितना लाभुको को चयनित किया गया है साथ ही सरकार द्वारा 50 वर्ष से ऊपर के लोगो को वृद्धा पेंशन जो राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है उस पर कितना लोगो का आवेदन जमा हो पाया है। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान, महिला प्रखंड अध्यक्ष नीलू देवी, प्रखंड प्रभारी मुन्ना देवी, मंडल अध्यक्ष सुमन देवी ,बाबू खान, तजमुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख और उप प्रमुख ने दी आर्थिक मदद



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन और उप प्रमुख संतोष कर ने शनिवार को तोरपा के मस्जिद गली निवासी पप्पू खान को खाद्य सामग्री और आर्थिक मदद दी। बताया गया कि पप्पू खान के पैर में लगभग दो महीने पूर्व इंफेक्शन हो गया था। जिसके कारण चिकित्सकों को पैर काटना पड़ा। पप्पू के मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रमुख और उप प्रमुख उनसे मिलकर हाल-चाल जाना और मदद पहुंचायी। पप्पू के परिजनों ने बताया कि इससे पहले कोई भी जनप्रतिनिधि व नेता न उनसे मिलने आए और ना ही आर्थिक मदद पहुंचायी। परिवार की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा कन्या मध्य विद्यालय, खूंटी के सभागार में शनिवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता और आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में जानकारी देना और जागरुक बनाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिकेत सचान, अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डिजिटली शुभारंभ किया गया था। लगभग 210 से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में एमएसएमई- विकास कार्यालय, रांची की सहायक निदेशक ज्योत्सना गुड़िया, प्रमोद कुमार, जिला उद्योग केंद्र, खूंटी के ईओडीबी मैनेजर अभिनव राज, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, आशीष कुमार सहित अन्य ने उपस्थित थे।

# चट्टी बरियातू से बचरा साइडिंग तक होनेवाले कोयला ढुलाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव में स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक सिमरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के बिलारी, किचटो और कारो के ग्रामीण शामिल हुए। इस बैठक मे स्थानीय ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक मे चट्टी बरियातु से पिपरवार के बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई कार्य का ग्रामीणों ने एक स्वर में पुरजोर तरीके से विरोध किया। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व मे बिलारी से किचटो के रास्ते कोयला ढुलाई का कार्य नही होता था, लेकिन अब एक साजिश के तहत घनी आबादी वाले क्षेत्र से मनमानी तरीके से कोयला ढुलाई का काम करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कोल वाहनों के परिचालन से एक तरफ जहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है,वहीं दूसरी ओर धूल गर्द से भी ग्रामीण परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी सभी नियमों को ताक पर रखकर कोयला ढुलाई करने का प्रयास कर रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। घनी आबादी वाले इलाके से कोल वाहनों के परिचालन होने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में ग्रामीणों में भी डर का माहौल देखा जा रहा है। घनी आबादी वाले इस मार्ग से कोल वाहनों का परिचालन का ग्रामीणों ने पुरजोर तरीकों से विरोध करते हुए इस मार्ग पर कोयला ढुलाई का कार्य बंद कराने की मांग की गई है। साथ ही मांगे पुरी नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गयी है। बैठक मे जितेंद्र कुमार, श्रवन कुमार, अमर महतो, बीरू महतो, चरकी देवी, पूर्णिमा देवी, राजो देवी, अनिल मुंडा, दिनेश, दीपक, उमेश, राजू, कृष्ण महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर रांची डीडीसी को ज्ञापन सौंपा

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर जिला प्रमुख संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख संघ के सदस्यों ने कहा की रांची जिला क्षेत्र के 18 प्रखंड क्षेत्र में अबुवा आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन करने में घोर लापरवाही बरती गयी है। योजना का लाभ वैसे लोगो को दिया जा रहा है। जो पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुका है और जिनका पहले से पक्का मकान है। वैसे योग्य लाभुकों को योजना का लाभ से वंचित किया जा रहा है। प्रमुख संघ सदस्य राजकुमार बिंझिंया ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में चयन हुए अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी किया गया। ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ग्राम सभा कर गरीब लाभुकों का सूची तैयार कर प्रखंड को सौंपा गया था। बावजूद भी गरीब लोगों का आवास के प्राथमिकता सूची में नाम नीचे चला गया है।

## पुण्यतिथि पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो ने कपूर्री ठाकुर की ईमानदारी और राजनीतिक इच्छा शक्ति के बारे में बच्चों को बताया। डॉ अस्मृता महतो ने भी स्व ठाकुर के व्यक्तिव और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ पुष्पा सुरीन, पूनम माई तिउ, जया भारती कुज्जूर, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ नूपुर, डॉ शीला, डॉ सुधांशु सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## आम बागवानी के छह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी प्रखंड के सिलादोन पंचायत भवन में शनिवार कों ग्रामीण युवाओं का कौशल प्रशिक्षण के तहत आत्मा खूंटी के सहयोग से प्रदान और खूंटी महिला कृषि बागबानी स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा आम बागवानी लगाना और उसका प्रबंधन पर छह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। कार्यक्रम में 36 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में आम बगान लगाने की तकनीक और उसके प्रबंधन की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण को खूंटी महिला कृषि बागबानी स्वावलंबी सहकारी समिति की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गरिमा नियति केरकेट्टा, अंजलि तिर्की, बिमल सोरेंग ने किसानों को बागवानी की जानकारी दी। जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा योजना के तहत मिश्रित फलों की बागबानी करायी जा रही है, जिससे किसान अब अलग-अलग तरह के फल ले सकते है। अभी किसान ग्रांटेड टमाटर, बैगन मिर्चा आदि की खेती कर के लाभ ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सीखा है, उसका उपयोग करना है और दूसरे किसानों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना है।

# बचरा माइंस कॉलोनी के नाला में मिला सीसीएल कर्मचारी का शव

**श्रमिक प्रतिनिधियों ने की मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक सीसीएल कर्मचारी का फाइल फोटो।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी 50 वर्षीय पुतुल गंझु पिता स्व. जगत गंझु का शव शनिवार की सुबह पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा 172 माईन्र्स कॉलोनी के एक नाले में पाया गया है। सीसीएल कर्मचारी का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक सीसीएल कर्मचारी पुतुल गंझु लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र का रहने वाला था और वर्तमान में वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा 172 माईन्र्स कॉलोनी में रहकर सीएचपी सीपीपी परियोजना कार्यालय में ड्यूटी करता था। वहीं सूचना मिलने के बाद कई सीसीएल अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्री सहित पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की, वहीं प्रबधंन द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ मृतक के आश्रित को नौकरी देने का भरोसा दिया गया। इधर पिपरवार पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। मौके पर प्रभारी एसओपी नागेश गोपालन, कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा, निशांत रोहिला, श्रमिक प्रतिनिधि कामेश्वर राम, मोहम्मद, हिमांशु चाटर सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खूंटी। कृषि विज्ञान केंद्र दियांकेल में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर एनएचबी के कार्यक्रम और कृषि योजनाओं को लेकर शनिवार को सैकड़ो किसनों की मौजूदगी में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर राष्ट्रीय बागवानी उप निदेशक सीपी गांधी, अशोक कुमार और एसएस पूर्ति ने किसानों को झारखंड राज्य में बागवानी को बढ़ावा देने और किसान समुदाय की आय दुगुनी ने विषय पर जानकारी साझा की। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने प्रगतिशील किसानों को कम लागत में ज्यादा अनाज उपज करने के तरीकों को विस्तृत तरीके से बताया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण किसान जानकारी के अभाव और ज्यादा उपज की उम्मीद मे रासायनिक उर्वरक का उपयोग अंधाधुंध कर रहे हैं। किसानों को खेती में जैविक और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर जोर दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करके प्रखंड क्षेत्र के किसान आय दोगुनी कर सकते हैं। मौके पर उप प्रमुख संतोष कर सहित अन्य मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया दुकानों का औचक निरीक्षण



खूंटी (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शनिवार को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत मुरहू प्रखंड के अंगराबारी और तोरपा प्रखंड के सुंदारी ग्राम में किराना दुकानों और होटल का औचक निरीक्षण किया। अंगराबाड़ी स्थित किंग्स बिरयानी और मां लाइन होटल का निरीक्षण में पाया गया कि इनका फूड लाइसेंस बना नहीं है। इन दुकानदारों को एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया गया। खूंटी के तोरपा रोड स्थित रोड मटन पतरी भोजनालय का संचालन बिना फूड लाइसेंस के किया जा रहा था। सभी दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि कोई भी खाद्य सामग्री बिना फूड लाइसेंस,मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट, मैन्युफैक्चर का एड्रेस अंकित सामग्री की बिक्री नहीं करें।

## दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों से मिले विधायक प्रतिनिधि, बंधाया ढाढ़स



खूंटी (आजाद सिपाही)। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो समेत अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बिरहू पंचायत के सिलादोन गांव पहुंचकर टर्बो ट्रक दुर्घटना में मारे गये लोगों के स्वजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। दुर्घटना में टर्बो के चालक दिनेश संगा (27) और तीन मजदूरों सोमा संगा (26), पंकज मुंडा (21) और रांची जिले के चिटुआदाग, तुपूदाना निवासी शनिचरवा बाखला (26) की मौत हो गयी थी। विधायक फिलहाल दिल्ली में हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद वे मर्माहत हैं। विधायक ने कहा है कि जैसे ही वे खूंटी आते हैं, सीधे सिलादोन जायेंगे। विधायक ने मृतक के परिवारवालों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

# न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

**बचरा साइडिंग मे रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य 48 घंटों से ठप**

आजाद सिपाही संवाददाता



साइडिंग में नारेबाजी करते असंगठित मजदूर।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर शुक्रवार 16 फरवरी से ही हड़ताल पर चले गए हैं। साईडिंग के सभी ऑपरेटर, मुंशी, लेबलिंग और हेल्पर मजदूर हड़ताल मे शामिल है,जिसके कारण बचरा साइडिंग में पिछले 48 घंटो से रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य पुरी तरह से बंद है। हड़ताल में शामिल सभी असंगठित मजदूर बचरा साईडिंग में दुसरे दिन भी जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि पिछले 48 घंटे से बचरा साईडिंग के मजदूर हड़ताल पर है, लेकिन अभी तक प्रबंधन और कंपनी का कोई भी प्रतिनिधि मजदूरों के साथ वार्ता के लिए सामने नही आया है। मजदूरों ने कहा कि हेम्स नामक कम्पनी के आने के बाद सभी मजदूरों के वेतन में कटौती कर दी गयी। वहीं हाई पावर कमेटी के अनुशंसा को अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हेम्स कंपनी के द्वारा वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में हड़ताल किया जा रहा है। इधर हड़ताल के कारण सीसीएल प्रबंधन के अलावे रेलवे प्रबंधन को भी करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

मौके पर चमन महतो, बिजली महतो, दिलीप कुमार चौधरी, मुंशी, सुरैश गोप, लटन, चंद्रदेव ठाकुर, मुनेशर महतो, मानकू, कैलाश, गणेश बसंत सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## सिविल विभाग चतरा की टीम ने किया बचरा दक्षिणी पंचायत का निरीक्षण

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत मे शनिवार को उप विकास आयुक्त चतरा के निर्देश पर सिविल विभाग के इंजीनियरों की टीम के द्वारा विभिन्न योजनाओं का एस्टीमेट बनाने के लिए पंचायत का भ्रमण किया गया। इस दौरान टीम के द्वारा विभिन्न योजनाओं के कार्य को लेकर एस्टीमेट बनाने के साथ मापी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बचरा बाजारटांड़ सप्ताहिक हाट बाजार का पीसीसी सेड और नाली निर्माण, अंबेदकर नगर मे गुदुल महतो के घर के पास नाला और सड़क निर्माण, बिशुझापा मे सुरेन्द्र बैठा के घर से पीपल चौक तक सड़क कलभट और नाला निर्माण, पंचवटी गेट से अशोक विहार तक सड़क एवं कलभट निर्माण, बाजारटांड़ सरदार पप्पु सिंह के घर से पीपल चौक तक नाला निर्माण, चार नंबर मीट दुकान से खटाल तक पीसीसी पथ निर्माण, प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय का चहारदीवारी करण और शौचालय निर्माण कार्य आदि अन्य को लेकर मापी किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



### अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती सह विकास मेला का आयोजन

# आदिवासियों को एकजुट होकर लड़नी होगी अधिकार की लड़ाई: शिल्पी तिर्की



## आदिवासियों को भ्रमित कर रहे विपक्षी पार्टियों के नेता : बंधु तिर्की



अमर शहीद वीर बुधु भगत की 232वीं जयंती पर आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते लोग। इस अवसर पर आयोजत मेले में लाभुक को चेक प्रदान करती विधायक शिल्पी नेता तिर्की व अन्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो के सिलागांई में अमर शहीद वीर बुधु भगत की 232वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। शाहिद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। अपने संबोधन में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमें आदिवासियों का इतिहास पढ़ने की जरूरत है। आज समय है आदिवासी को एकजुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी की। शहीद के गांव को आदर्श ग्राम बनाने से लेकर इस गांव का संपूर्ण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। कहा कि शहीद स्थल के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अपने विरोधियों को आड़े हाथों लिया। कहा कि आदिवासी को भ्रमित ना करें। हम आदिवासियों के हित की लड़ाई के लिए जेल भी गए। आदिवासियों के उत्थान के लिए जीवन के अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। आज जरूरत है हमारे पूर्वजों के इतिहास को जानने की और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की। कार्यक्रम में डॉ रामकुमार भगत द्वारा लिखित वीर पानी पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर विकास मेला का भी आयोजन किया गया मेले में सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए थे। इस मौके पर परमेश्वर भगत, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, सुनील उरांव, शिवपूजन भगत, गोपाल उरांव, भौवा उरांव, महादेव उरांव आदि मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन को फंसाकर झामुमो को खत्म करने की हो रही साजिश: जावेद

**कांके उरूगुट्ट में झामुमो की ओर से निकाला गया न्याय मार्च**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




न्याय मोर्चा में शामिल झामुमो नेता-कार्यकर्ता।

**कांके।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रखंड समिति के अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों ने कांके प्रखंड के उरूगुटु पंचायत के विभिन्न गांवों में न्याय मार्च निकाला। बैनर पोस्टर और पार्टी झंडों के साथ हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने और ग्रामीण व आम जनता को प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक हालात के बारे में बताया गया। अपने संबोधन में प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने आरोप लगाया कि भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसा कर झामुमो को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। लेकिन वे यह भूल गए कि संघर्ष से उपजी पार्टी को खत्म नहीं किया जा सकता है। जब हमारे नेता एवं पार्टी में मुसीबत आई तब-तब पार्टी दोगणा ताकत के साथ और मजबूती से वापसी की। कहा कि हेमंत सोरेन जेल में है, लेकिन अभी भी झारखंड के आदिवासी मूलवासी दलित अल्पसंख्यकों के दिलों पर राज कर रहे है। कहा कि झामुमो कार्यकर्ता जननायक विनोद बिहारी महतो एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन के वैचारिक शक्ति से लैस है, जिसे कभी तोड़ा नहीं जा सकता है। जरूरत पड़ी तो संघर्ष के तहत एक रुपये एवं एक मुट्ठी चावल संग्रह कर संघर्ष करेंगें। इस मौके पर संगठन सचिव रंथु उरांव, रामसेवक महतो, जैनुल अंसारी, मोइन अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, मोहम्मद चांद, सबीबुल रहमान, मोतीलाल उरांव, फलिंदर मुंडा, सुनीता देवी, मुस्ताक अंसारी सहित पार्टी के उरूगुटु पंचायत के पदाधिकारी आदि शामिल थे।

## बेड़ो डीएवी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 10 के विद्यार्थी इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दे रहे हैं। उनके लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्रबंध समिति के निदेशक कैलाश कुमार, सचिव श्रवण कुमार एवं शिक्षकों-विधार्थियों ने मां सरस्वती के तस्वीर पर दीप जलाकर किया। निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि आज आप उस पड़ाव पर पहुंच गए हैं जहां से अपने भविष्य को लेकर सोचना है। उसे साकार करना है। वहीं, शिक्षकों ने स्कूल के विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि सभी विद्यार्थी अपने अच्छे आचरण व मेहनत से अपने परिवार, स्कूल, प्रखंड, राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के लिए जानकारी दी और उन्हें बिना किसी मानसिक तनाव के परीक्षा देने को कहा। परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने को कहा। सभी विषय के शिक्षकों ने बच्चों को अपने विषय पर कैसे अच्छा करें उसका टिप्स दिया। वहीं, बच्चों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अंत में बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया और बच्चों के बीच एडमिट कार्ड वितरित किया गया।

## नवनिर्मित जलमीनार से नहीं हो रही जलापूर्ति, लोग परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना के तहत नई जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार का संकल्प है कि मार्च 2024 तक हर एक घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाए। इसे लेकर नल जल योजना युद्ध स्तर पर चल रहा है। पर प्रखंड के मुरतो गांव के बस्ती में निर्मित नया बना जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पीएचईडी विभाग द्वारा लाखों रुपये की राशि से जलमीनार बनाया गया था। जिसमें विभाग की मंशा थी कि घनी आबादी वाली बस्ती को शुद्ध पेयजल मिले। लेकिन धरातल पर योजना हवा हवाई साबित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार 15 दिन पहले बनकर तैयार हुआ है। लेकिन इससे अभी तक जलापूर्ति नहीं हो रही है। विभागीय उदासीनता के कारण नए जल मीनार से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिस कारण ग्रामीणों को पीने के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञात हो की प्रखंड के कई पंचायतों में बनाए गए जल मीनार अधिकांश प्यास बुझाने की जगह लोगों का पानी ही निकाल रहे हैं।

## प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे जुलूस पर शरारती तत्वों के पथराव के बाद तनाव, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी में मेन रोड स्थित मस्जिद के पास शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन कर लौट रहे जुलूस पर पथराव घटना के बाद से नगड़ी में तनाव है। शनिवार को स्थानीय दुकानदारों ने नगड़ी चेकपोस्ट चौक से लेकर नगड़ी प्रखंड कार्यालय तक की अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस प्रशासन नगड़ी सहित आसपास के गांव-मुहल्लों में लगतार पेट्रोलिंग कर रही है। जिला प्रशासन के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने दलबल के साथ फ्लैग मार्च किया। वहीं, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने कहा कि प्रशासन शांति बनाए रखने का प्रयास जारी है। घटना में लिप्त कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में प्राथमिक तैयार की जा रही है। इधर, रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कहा कि नगड़ी में धारा 144 जारी रहेगा। लाउस स्पीकर से इसकी घोषणा की जा रही है। हमारी प्राथमिकता है कि नगड़ी थाना क्षेत्र शांति व्यवस्था पहले ही तरह सामान्य हो जाए। गौरतलब हो कि शुक्रवार की रात में ही नगडी पुलिस ने करीब 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहां जांच के दौरान कारतूस के पांच खाली खोखे मिलने की भी सूचना है। पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार यादव, फ्लैग मार्च में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह नगड़ी थाना प्रभारी अरमान उल हक, नगड़ी प्रखंड पदाधिकारी दीपाली भगत, नगड़ी सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार, प्रदीप कुमार केसरी आदि शामिल हैं।

# मासू गांव के ग्रामीणों ने लिया लोकसभा व विधानसभा चुनाव बहिष्कार का निर्णय

**सड़क नहीं बनने से ग्रामीण नाराज, रोड नहीं, तो वोट नहीं के नारे के साथ किया प्रर्दशन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड के हेसल पंचायत अंतर्गत मासू गांव के ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने से आक्रोशित होकर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। शनिवार को आजसू के बैनर तले ग्रामीणों नें रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए जर्जर सड़क पर धरना-प्रर्दशन किया। जिसका नेतृत्व कर रहे आजसू के प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने कहा कि वर्षों से ग्रामीण रांची-मुरी मुख्य मार्ग से मासू गांव तक अति जर्जर हो चुके पथ के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। पर आजतक स्थिति यथावत बनी हुई है। इस बीच साल भर पहले सांसद एवं विधायक द्वारा संयुक्त रूप से इस पथ के निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास भी किया गया था। निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर संवेदक की ओर से सामग्री भी गिरा ली गई थी। बावजूद इसके अबतक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि मासू गांव को मुख्य पथ से जोड़ने वाला यह एक मात्र मुख्य पथ है। इस पथ की स्थिति इतनी खस्ताहाल हो चुकी है कि दो पहिया, चार पहिया वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। बारिश होने पर तो लोगों का दैनिक जीवन थम सा जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर चुनाव से पूर्व पथ का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, जिला सचिव अजीत महतो, युवा नेता आतिश महतो आदि थे।

## बीडीओ ने केंद्र को भेंट की 100 पुस्तकें




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अजीम प्रेम जी फाउंडेशन की ओर से बेड़ो प्रखंड परिसर में संचालित पुस्तकालय सह टीचर लर्निंग सेंटर में शनिवार को बीडीओ संग्राम मुर्मू ने बच्चों एवं नवयुवकों के बीच ज्ञान एवं पठन-पाठन से संबंधित 100 बहुमूल्य पुस्तक भेंट किया। बीडीओ ने कहा कि इन पुस्तकों के जरिए प्रखंड के नवयुवक और छात्र-छात्राएं ज्ञान अर्जित कर उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय सह टीचर लर्निंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जो खुशी की बात है। इससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को लाभ उठाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने केंद्र को हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल व कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी आदि मौजूद थे।

## अबुआ आवास के चयन में अनियमितता की जांच को लेकर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास के लिए चयनित लाभुको की सूची में अनियमितता की जांच की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में डीसी के नाम का एक ज्ञापन नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार को सौंपा गया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं अशोक मुंडा ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत 23 पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों द्वारा आवास योजना के योग्य लोगों की जो सूची दी गई थी। उसमें फाइनल सूची में शामिल लाभूको में कई पूर्व में पीएम आवास योजना का लाभ ले चुके है या फिर उनके पक्के मकान हैं। बताया गया कि सभी पंचायतों में जांच के उपरांत लाभ देने, जल्द कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा खिजरी मंडल के कार्यकर्ता, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, गोपाल चौधरी, सोहराई पाहन, अनिरुद्ध पांडेय, पिंटू सिंह, उमाकांत राय, सुबोध सिंह टनटन, दिलीप साहू, प्रकाश मुंडा, सुजीत सिन्हा, गोरखनाथ सिंह, प्रेम हास्सा, अरविंद कुमार, मुक्तिनाथ मिश्रा, दिलीप सिग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## गौ माता और किसान दोनों पूज्यनीय हैं : अमरनाथ चौधरी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गो माता के पूजन के साथ वरिष्ठ किसान, पुरोहित को सम्मानित किया गया।**



स्थानीय निवासियों व किसानों से केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत संवाद किया गया। झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि पार्टी आला कमान के आह्वान पर ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत अच्छी पहल है। इसमें गांव-गांव किसानों के बीच जाकर उनसे संपर्क करना, लाभार्थियों से मुलाकात करना, साथ ही खेती में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर का पूजन, गो पूजन और उनके उपयोग में होने वाले यंत्रों का पूजन कर देश के अन्नदाता का उत्साहवर्धन कर उनकी समस्याओं को जानना सुखद अहसास देता है। इस दौरान ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कामेश्वर महतो, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, आनंद महतो, धनंजय, राजकीशोर साहू, अरविंद महतो, किरण देवी, ललिता देवी, ममता देवी, किरण मेहता, सालो देवी, नारायण महतो, चंद्र महतो, धीरज पांडे आदि उपस्थित थे।

# दो अंडर पास के साथ ही जल्द शुरू होगा शास्त्री चौक दड़दाग में फ्लाईओवर निर्माण कार्य : चेतन

**ब्लॉक के पास स्थित बजरंगबली मंदिर के लिए कमेटी और मुखिया नहीं दिला पा रहे जमीन**

**आजाद सिपाही संवाददादा**



**ओरमांझी।** शास्त्री चौक दड़दाग में जल्द ही फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। हजारीबाग टॉल वे लिमिटेड के टॉल प्रबंधक चेतन मालबारी ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण हजारीबाग टॉल वे और एनएचएआइ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। फ्लाईओवर का निर्माण पहले की तरह होगा इसमें सिर्फ एक मुख्य पास के अतिरिक्त दो और अंडरपास (एक ब्लॉक ऑफिस और दूसरा बांके बिहारी मार्केट के पास) दिया जाएगा। टॉल प्रबंधक ने बताया कि ब्लॉक ऑफिस के पास स्थित बजरंगबली मंदिर के लिए मुखिया और कमेटी के लोग जमीन उपलब्ध करा पाने में सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं। पूर्व सीओ विजय केरकेट्टा के कार्यकाल में मौखिक तौर पर पूर्व में बने खाद्य वितरण गोदाम के पीछे जगह चिन्हित कराया गया था। पर उस जगह की कोई लिखित कागजात नहीं दिया जा रहा है। चकला मुखिया को कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा शीघ्र कागज उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है। पर मुखिया व मंदिर कमेटी के लोग सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं। जल्द कागज उपलब्ध नहीं कराया गया तो वर्तमान सीओ के आदेशानुसार मंदिर शिफ्ट करना मजबूरी हो जाएगी। फ्लाईओवर निर्माण 60 मीटर के अंदर ही किया जाएगा। जिसमें नाली, सर्विस रोड, स्ट्रीट लाइट शामिल होगा। जरुरत पड़ी तो अधिगृहित जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सकता है।

### न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने की बैठक

# रांची व्यवहार अदालत में 9 मार्च को लगेगी लोक अदालत

**वादकारी उक्त तारीख को अपने वादों का करा सकते हैं निबटारा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को रांची व्यवहार न्यायालय में होना सुनिश्चित हुआ है। लोक अदालत की प्री-काउंसलिंग बैठक जारी हैं जो 8 मार्च तक चलेगी। इसे लेकर डालसा की तैयारी जोरों पर हैं। लोकअदालत को सफल बनाने के लिए डालसा हॉल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व डालसा सचिव की अध्यक्षता में न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी केके मिश्रा, डालसा सचिव, राकेश रंजन एवं रांची व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अधिक से अधिक नोटिस का तामिला कराने का निर्देश दिया, जिससे आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। वहीं, डालसा सचिव ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन वादकारी अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं। जिससे समय व धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं विवाह से संबंधित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस भेजे।

## आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक शनिवार को नामकुम प्रखंड के गड़के रामपुर बाजार मतला ढाबा में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने की। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में छात्र-छात्राओं को जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं पर आवेदक को परेशान करने, खतियान का प्लांट आनलाईन चढ़ाने पर अंचल के पदाधिकारी द्वारा मुंहमांगा रुपए मांगने, मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनाने, अबुआ आवास योजना में ग्राम प्रधानो का अवेहलना करने, रामपुर बाजार रिंग रोड एवं टाटा रोड पर आए दिन दुर्घटना होने को लेकर ठोकर लगाने पर चर्चा की गयी। इधर, प्रकाश लकड़ा ने आजाद सिपाही से बात करते हुए कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर 27 फरवरी को प्रखंड घेराव का निर्णय लिया गया है। मौके पर हाहाप मुखिया नन्हे कच्छप, 52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिकी, ग्राम प्रधान रामपुर लक्ष्मण लकड़ा, ग्राम प्रधान पलाडू अजीत लकड़ा, पास्कल लकड़ा, उतम गोप, शंकर तांती, मतला लकड़ा, चामू बैक, बुलू लिंडा, अनिल लकड़ा आदि मौजूद थे।

## ककरिया में पांच दिवसीय रामलीला मंचन का उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरिया में पांच दिवसीय राम लीला का मंचन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन पूर्व मुखिया गंगधार साहू, सुभाष साहू, प्रवीण कुमार, सुधीर साहू, प्रकाश गुप्ता, विरेन साहू ने सामूहिक रूप से किया। जिसके बाद आरती से कार्यक्रम की शुरूवात हुई। इस दौरान प्रयागराज से आये रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित सभी पहलुओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया। जो ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक है। इस पहले दिन कथा, भजन श्रीराम जन्मोत्सव समेत कई तरह का मंचन किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों का योगदान रहा।

## नवपदस्थापित इंस्पेक्टर का स्वागत और थाना प्रभारी को दी गयी विदाई




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रेहला थाना परिसर में शनिवार को समारोह आयोजित कर नवपदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान का स्वागत किया गया और थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सब इंस्पेक्टर अलखनाथ चौबे व एएसआई रामचंद्र चौधरी को विदाई दी गयी। विदित हो कि रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक सहित सभी पदाधिकारियों का स्थानांतरण चुनाव आयोग के निर्देश पर किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान और संचालन सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने किया। विदाई समारोह में शामिल लोगों ने थाना प्रभारी नेमधारी रजक की कार्यशैली व कार्यक्षमता की सराहना की। लोगों ने पहले नवपदस्थापित इंपेक्टर रामअशीष पासवान का स्वागत किया गया। इसके बाद थाना प्रभारी नेमधारी रजक व एएसआई रामचंद्र चौधरी को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि यहां के लोगों से मिले अपेक्षित सहयोग के कारण ही हमने कई कठिन टास्क को भी आसानी से निष्पादित किया। इस दौरान अगर किसी की भावना को ठेस पहुंची होगी तो उसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं। कार्यक्रम में शशिनाथ चौबे, डॉ डीपी शुक्ला, बसपा नेता गोपाल राम, झामुमो नेता एनामुल हक, संजय कुमार चौबे, मुंशी गुप्ता, संतोष चौबे, नजमुद्दीन नूरी, हर्षवर्धन चौबे, आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला, विकास चौबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नगर पंचायत ने बकाया राशि को लेकर दुकानदारों के विरुद्ध चलाया अभियान




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी के नेतृत्व में बकाया राशि की वसूली को लेकर दुकानदारों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि समय पर अपनी दुकान का किराया कार्यालय में जमा सुनिश्चित करें अन्यथा उनको आवंटित दुकान की संविदा रद्द कर दी जाएगी व दुकान दूसरे को आवंटित कर दी जाएगी। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश सिंह, लेखापाल रविकांत पटेल आदि मौजूद थे।

**हादसा : घटना के बाद पिकअप चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

# पिकअप-बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**सभी घायलों का हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा इलाज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज थानांतर्गत मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर बायो डीजल पंप और नागबाबा मंदिर के बीच बाइक सवार चार लोगों को विपरीत दिशा से आ रही पिकअप से जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय एक नवयुवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान ब्रजेश


घायल युवक का इलाज करते चिकित्सक।

कुमार शर्मा के रूप में हुई है। जबकि दो युवकों दीपक कुमार व मुन्ना कुमार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इसी हादसे में विजय पासवान नामक एक अन्य युवक भी घायल है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार लोग मोहम्मदगंज बाजार से अपने घर माली और डाली गांव लौट रहे थे। दूसरी ओर, हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से वाहन सहित भागने में कामयाब रहा। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## लोकसभा चुनाव से पहले आर्म्स लाइसेंस व लाइसेंसधारियों का भौतिक सत्यापन शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव से पहले जिला से निर्गत सभी आर्म्स लाइसेंस,आर्म्स एवं लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू डीसी शशि रंजन ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त यह आदेश जारी की है। इस संबंध में डीसी ने बताया कि जिला से निर्गत सभी आर्म्स लाइसेंस,आर्म्स एवं लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन कराकर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के समय सभी शस्त्रों को जमा कराया जाएगा। जिला में उपलब्ध शस्त्रों का भौतिक सत्यापन शनिवार से शुरू हो गया, जो 22 फरवरी तक की जाएगी। डीसी ने संबंधित सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कर 23 फरवरी को जॉइंट आर्म्स वेरीफिकेशन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को समर्पित करने का निर्देश दिया है।

## तीन घरों में घुसे चोर, गोदाम का ताला तोड़ने का प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अज्ञात चोर तीन घरों में घुस गए। जबकि एक गोदाम का ताला तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान चोरों ने भगत्त तेंदुआ गांव के सटे कटैया स्थित नहर पर अनुज विश्वकर्मा के घर में चोरी की। जबकि देवंती देवी पति सनोज विश्वकर्मा और लक्ष्मण प्रजापति के घर में घुस तो जरूर, लेकिन



उन्हें वहां कुछ भी नहीं मिला। इससे नाराज चोरों ने बक्सा पेटी निकाल कर घर से कुछ दूरी पर गेहूं के खेत में फेंक दिया। वहीं भगत्त तेंदुआ एनएच 98 किनारे स्थित सीधेश्वर साव के गोदाम का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। इस बाबत पीड़ित महिला चंपा देवी ने शनिवार को थाने में लिखित शिकायत की है। बताया कि शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने नाक का छुचिया और 25 हजार रुपये नगद चोरी कर लिया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। चंपा देवी ने चोरी के संबंध में लिखित शिकायत की है।

## खेल में भी युवा तलाशें करियरः डॉ ईश्वर सागर



**जीपीएल गोदरामा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, भाजपा नेता ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के जीपीएल गोदरमा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार से शुभारंभ हुआ। जिसका आयोजन युवा क्रिकेट क्लब की ओर से किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी करियर की तालाश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है युवा प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करा कर उन्हे मंजिल तक पंहुचाने की। हम यह कार्य कई वर्षों से लगातार कर रहे हैं। वहीं, उद्घाटन मैच रेहला और गोदरामा टीम के बीच खेला गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण देवी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव और असलम बहादुर आदि मौजूद थे।

## आवासविहीन को नहीं मिला अबुआ आवास



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की ओर से चलाई गई योजना अबुआ आवास में सतबरवा प्रखंड में भी भारी अनियमितता देखी जा रही है। जिनके पास रहने के लिए अपना घर नहीं है। वही आवास से वंचित हैं। जबकि जिनके पास घर है, सक्षम है उनका नाम सूची में आ गया है। ऐसा ही मामला सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत अंतर्गत जोड़ा गांव में देखने को मिला। रीना देवी नामक महिला ने बताया कि उनका अपना घर नहीं है। वह दूसरे के घर में रहती हैं। जिसमें एक कमरा है। बाहर में तिरपाल तान कर एक और रूम जैसा ही बनाया है। अबुआ आवास का फार्म भरा था, लेकिन सूची में उनका नाम नहीं आया। कहा कि वर्तमान में बिना घूस दिए कोई भी काम नहीं होता।

## झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने जिले के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने शनिवार को परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समिति के सभापति ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन ने स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन निर्माण, पथ निर्माण, पेयजल, परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, विद्युत, समेत अन्य सभी जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में लंबित आवास योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभापति ने लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने और निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर का निर्देश दिया गया। साथ ही जहां आवश्यक है वहां भूमि उपलब्ध कराने का अपर समाहर्ता को निर्देशित किया। इसके अलावा सभापति ने सभी पदाधिकारी से संवेदक की लापरवाही पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर कहीं संवेदक की लापरवाही से कार्य में देरी हो रही है तो उन पर शोकॉज करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में निदेशक अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, पथ निर्माण, भवन निर्माण, पेयजल आदि उपस्थित थे।

## सद्बुद्धि का उपयोग समाजहित में करने की जरूरत है : प्रकाश लाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा के समापन पर अखंड ज्योति नवयुवक संघ की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर व्यवसायी व समाजसेवी प्रकाश लाल अग्रवाल, कांग्रेस नेता धनंजय कुमार तिवारी, गिरिवर साव, सुहैल आलम, संजय गुप्ता, गोपाल साव, नजीर अहमद उर्फ मिथुन, मो हसनैन आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया



गया। अपने संबोधन में प्रकाश लाल अग्रवाल ने कहा कि संगठन की ओर से भव्य केदारनाथ मंदिर की थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण और शांति पूर्ण संचालन सराहनीय है। मां की कृपा से सद्बुद्धि आती है। उसका उपयोग समाजहित में करने की जरूरत है। कमेटी के संरक्षक मदन प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार,अमित गुप्ता, प्रिज्म, अध्यक्ष रवि चंदेल, उपाध्यक्ष शनि चंदेल, गोपाल, राज, मनीष, पंकज, राजू, छोटू, अमित, मनीष, राजन, कृशु, गोलू, जितेंद्र, राजू आदि थे।

## समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना ही मुख्य उद्देश्यः एनके तिवारी

**शिक्षाविद ने एजुकेशन टू सोसायटी नामक लिखी पुस्तक, आज होगा विमोचन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** शिक्षाविद सह संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एनके तिवारी ने एजुकेशन टू सोसायटी नामक एक पुस्तक लिखी है। उक्त पुस्तक अंग्रेजी में प्रकाशित हो चुकी है। जल्द ही उसका हिंदी रूपांतर भी प्रकाशित होगा। इसकी जानकारी एनके तिवारी ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन करके दी।



उन्होंने बताया कि कोविड काल के दौरान 2020 में पुस्तक लिखने की शुरूआत की थी। जिसे 2023 में पूरा कर लिया गया। 2024 में यह प्रकाशित भी हो चुका। रविवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में अतिथियों द्वारा पुस्तक का विमोचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के वर्तमान हालात और शिक्षा से समाज व राष्ट्र का विकास कैसे हो सकता है, पुस्तक इसी पर केंद्रित है। पुस्तक के माध्यम से समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना मेरा मुख्य उद्देश्य है। क्योंकि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। शिक्षा के बगैर समाज और राष्ट्र के विकाश की कल्पना करना भी बेमानी है। उन्होंने पुस्तक के अन्य पहलुओं पर भी जानकारी दी।

## कसुंडा सीआइएसएफ इंस्पेटर व उप निरीक्षक के खिलाफ धनबाद न्यायालय में मामला दर्ज

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बुधन मंडल नामक व्यक्ति ने कुसुंडा सीआइएसएफ इंस्पेक्टर संजय सिंह, उप निरीक्षक रंजीत कुमार और क्राइम के अमीत रंजन चौधरी के खिलाफ घर का दरवाजा तोड़कर अंदर जबरन प्रवेश करने, गालीगलौज, मारपीट, तोड़फोड़, महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने के साथ ही घर में रखे संदूक से एक लाख 35 हजार रुपये के आभूषण निकाल लिए जाने का आरोप लगाते हुए धनबाद न्यायालय में ममला किया है। इसके आलोक में इन आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 149, 452, 379, 323, 504, 506, 380, 427, 354, 34 के तहत न्यायालय में मामला दर्ज किया गया है। बुधन का कहना है कि 10 फरवरी की शाम साढ़े पांच बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। तभी अचानक उक्त लोग उसके घर का दरवाजा खटखटाने लगे। जैसे ही दरवाजा खोलने गया। इससे पहले ही दरवाजा तोड़कर घर में घूस गए और गालीगलौज करने लगे। मारपीट भी की। सब इंस्पेक्टर रंजीत और अमीत ने घर में तोड़फोड़ की। तभी इंस्पेक्टर ने अपने कमर से रिवाल्वर निकाल कर माथा पर सटा दिया और गोली मारने की धमकी देने लगे। घर की महिलाए छुड़ाने आई तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। रंजीत व संजय ने घर में रखे एक लाख 35 हजार रुपये के आभूषण और अमीत ने मेरे जेब से 1850 रुपये निकाल लिया। इस संबंध में धनसार थाना में शिकायत की। पर धनसार पुलिस ने मुझे भगा दिया। इसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर संजय सिंह ने इस तरह की कोई घटना से साफ इन्कार किया है। उनका कहना है कि इस तरह के किसी घटना के विषय में जानकारी नहीं है। उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने इतिहास रच दिया है। टीन ने अपना स्वप्रिल अभियान जारी रखते हुए शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार के पूर्व चैपियन जापान को 3-2 से हरा दिया और पहली बार चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई।

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपिनयशिप : फाइनल में आज भारत का सामना थाइलैंड से**

# भारत की बेटियों ने रचा इतिहास, पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में दो बार के पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हरा दिया। इसके साथ ही पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी ने दुनिया की 53वें नंबर की अश्मिता चालिहा और 17 साल की अनमोल खरब ने पहले युगल और दूसरे और निर्णायक एकल में शानदार जीत दर्ज कर भारत को खिताबी



मुकाबले में पहुंचाया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना थाईलैंड से होगा

### सिंधू पहले मैच में हारीं

जापान की टीम हालांकि दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची, दुनिया की सातवें नंबर की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोता व दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी मायू मात्सुमोतो और वकाना नागहारा के बिना खेल रही थी। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रही सिंधू ने चीन की हान युए और हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ जीत दर्ज की थी, लेकिन वह बाएं हाथ की आया ओहोरी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकीं और पहले मैच यानी एकल मैच में उन्हें 13-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

### त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने करायी वापसी

त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 73 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा को 21-17 16-21 22-20 से हराया जिससे भारत ने 1-1 से बराबरी की। पूर्व विश्वचैंपियन और मौजूदा नंबर 20 नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ बाएं हाथ की अश्मिता ने आक्रामक खेल दिखाया। अश्मिता ने अपने ओवरहेड क्रॉस ड्रॉप और जंप स्मैश का अच्छा उपयोग किया। वह ओकुहारा को 21-17, 21-14 से हराने में कामयाब रहीं और भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई।

### अनमोल ने दिलाई बड़ी जीत

तनीषा क्रैस्टो की चोट के कारण सिंधू ने इसके बाद अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन वह दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी रेना मियाउरा और अयाको सकुरामोतो की जोड़ी को हरा नहीं सकीं। 43 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधू-पोनप्पा की जोड़ी को 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया और निर्णायक पांचवें मैच में पहुंचा। ऐसे में अनमोल को दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी नात्सुकी निदैरा को हराने की जिम्मेदारी सौंपी गई और भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर उम्मीद पर खरा उतरते हुए 52 मिनट में 21-14, 21-18 से जीत दर्ज की।

इसके साथ ही फाइनल में पहुंचने के बाद अब भारत की महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण जीतने की उम्मीदें बरकरार हैं। भारत ने 2016 और 2020 संस्करणों में पुरुषों की टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से शिकस्त दी थी। वहीं, भारतीय पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था।

## भगवान को भूल जाना ही जीव की सबसे बड़ी विपत्ति है : आचार्य ब्रजेश



धनबाद (आजाद सिपाही)। श्रीश्री बजरंग बलि मंदिर गोपालिचक का 25वां प्राण प्रतिष्ठा सह वार्षिकोत्सव सह भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य ब्रजेश जी महराज ने कहा कि मनुष्य के अंतिम समय में हरि का नाम आ जाए वही जीवन की सफलता है। धर्म, बल, आत्म, ज्ञान व रूप के साथ में दया का होना जरूरी है। अगर इन पांचों के साथ में दया नहीं होगी तो यह नष्ट हो जाएंगे। निर्बल के बल राम, राम के बल में दया थी इसीलिए वह पूजनीय और रावण के बल में दया नहीं थी इसीलिए रावण का पुतला जलाया जाता है। राजा परीक्षित इतने भाग्यवान थे कि भगवान ने उन्हें गर्भ में ही दर्शन दे दिए। भगवान को भूल जाना ही जीव की सबसे बड़ी विपत्ति है।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था

# देशी कट्टा व 5 कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के गांवा थाना पुलिस ने देशी कट्टा एवं पांच कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे चिहुंटिया गांव से गिरफ्तार किया है। उशकी पहचान मुकेश कुमार यादव के रूप में हुई है। वह चिहुंटिया का ही रहने वाला है। जानकारी के अनुसार मुकेश किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस को गुप्त सूचना मिल गई। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।



पकड़े गये युवक की जानकारी देते गिरिडीह के एसपी दीपक शर्मा और अन्य।

शनिवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि शुक्रवार की रात गांवा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई है। इस दौरान चिहुंटिया गांव के समीप सुनसान स्थान पर मुकेश को पकड़ा गया। उसकी तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा और पांच गोलियां बरामद की गई है। पूछताछ में उसने बताया कि पुरानी दुश्मनी में वह आपराधिक घटना को अंजाम देने आया था। एसपी ने कहा कि पूरे जिले में शुक्रवार को सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें मुकेश कोई घटना को अंजाम देने वाला थे। उससे पहलो ही दबोचा गया। पुलिस पूछताछ कर उसकी मंशा के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## माहेर में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, जुटे विदेशी मेहमान

**गोमिया (आजादज सिपाही)।** प्रखंड के खम्हरा पंचायत के कसवागढ़ स्थित माहेर संस्था कार्यालय परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें कई विदेशी मेहमान भी जुटे। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, आइइएल थाना प्रभारी देवानंद कुमार, फुसरो नगर परिषद के वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया शांति देवी, पंसस कुंती देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर गोमिया माहेर संस्था की ओर से राजेश कुजूर ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। इसके बाद संस्था की ओर से चलाये जा रहे सिलाई- बुनाई सेंटर के महिलाओं ने अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने कहा कि महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। अपने हुनर से पूरी दुनिया में परचम लहरा रही है। यह इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि माहेर संस्था झारखंड में महज दो क्षेत्रीय कार्यालय है, जिसमें से एक गोमिया में है। मौके पर संस्था के सदस्य जर्मनी के मैरिटा ब्रूनर, ऑस्ट्रिया के वोल्फगैग श्वाइगर, झारखंड प्रभारी सिस्टर शैसी, राजेश कुजूर, रोहित यादव, तैयबा खातून, रानी बेसरा आदि थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 18 /2023-24**
**Date:: -16-02-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation of B.C. Boys Hostel in Campus of Bishnugrah Inter college , Block- Bishnugrah District-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9237100/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 19 -02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 26 -02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 319324 Building (23-24)_D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)**
**PR No.-314110 Dated : 22.12.2023**
**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-327 /2023-24 दिनांक :- 17.02.2024**

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-04/2023-24 | अनगड़ा | 1 | मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–7.000 कि०मी०) | 1383.388 | तेरह करोड़ तिरासी लाख अड़तीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | अनगड़ा | 2 | कोयनारडीह से सुअरमारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.200 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 3 | जोन्हा टाटी सिंगारी से जराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.500 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 4 | सुरसु से हरजालुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**20.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **26.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **27.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची

**PR 319386 Rural Work Department(23-24).D**



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | चाराडीह में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 02 | डोमचांच | काराखूट में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 03 | चन्दवारा | चन्दवारा पूर्वी में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 04 | मरकच्चो | दशारोखुर्द में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 05 | मरकच्चो | मुर्कमनाय में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **19.02.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **19.02.2024 से 28.02.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **02.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।**
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– **जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।**
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 **9431990319** एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**जिला अभियंता**
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 319319 Panchayati Raj (23-24)_D


### महत्वपूर्ण न्यूज

## संदीप कुमार ने बोकारो जिले के 26वें डीडीसी के रूप में ग्रहण किया प्रभार



बोकारो (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को बोकारो जिले के 26वें डीडीसी के रूप में संदीप कुमार ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीडीसी कीर्ति श्री जी ने उन्हें प्रभार सौंपा। इस दौरान अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला अभियंता हरि दास, डीआरडीए के पंकज दूबे और माणिक सहित डीआरडीए के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा पर, 300 कन्याओं ने उठाया कलश



निरसा (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के भालजोरियाबस्ती में वर्षों पुरानी शिव मंदिर को पूर्ण निर्माण किया गया। शनिवार को श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें 300 से भी ज्यादा कन्याओं ने सिर पर कलश उठाकर निरसा स्थित भालजोरिया ग्राम शिव मंदिर प्रांगण से निरसा चौक, बाजार, पीठाकीयारी, सेलेक्टेड लायकडीह कॉलोनी होते हुए भालजोरिया स्थित खुदिया नदी के छठ घाट पहुंची। जहां आचार्य मिहिर मुखर्जी व नरेशानन्द शास्त्री ( बनारसी) द्वारा मंत्रौच्चारण के साथ उक्त कलश में जल भरकर पुन: भालजोरिया ग्राम शिव मंदिर प्रांगण पहुंचीं। जहां काशी से आए तीन विद्वानों ने महायज्ञ शुरू की।

## शिक्षिका के निधन पर शोक



निरसा (आजाद सिपाही)। कोयला खदान शिक्षक मोर्चा से जुड़ी इसीएल से अनुदानित विद्यालय साकतोडिया की शिक्षिका रानू मुखर्जी का निधन हो गया। उनकी मौत पर शोक व्यक्त किया गया। कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कोयला खदान शिक्षकों को बीते दो वर्षों से वेतनमान नहीं दिया गया है। आर्थिक संकटों से जूझते हुए भी शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इश दौरान सुदामा सिंह, कृष्णा चटर्जी, कुशमेश चक्रवर्ती, विजय श्रीवास्तव, बुलू नाहक, उमाशंकर प्रसाद, सुदामा सिंह, गौतम आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

## बड़े और पक्का मकान वालों को ही मिल रहा अबुआ आवास का लाभ : ग्रामीण



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए शनिवार को शिखा नाग के आवास का घेराव किया। मुखिया शिखा नाग के प्रतिनिधि बीरबल नाग ने सभी ग्रामीणों को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंच गए और प्रखंड समन्वयक जमाल अख्तर के कक्ष को बंद कर दरवाजे पर ही धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप है कि अबुआ आवास का लाभ बड़े और पक्का मकान वालों को ही मिल रहा है। जबकि गरीब जरूरत मंद लोगों की अनदेखी की जा रही है। वहीं, जिस समय गोपालपुर के ग्रामीण प्रखंड समन्वयक के कक्ष को बंद कर दरवाजे पर धरना दे रहे थे। उस समय समन्वयक जमाल अख्तर के कक्ष के भीतर निरसा थाना के पदाधिकारी मानस कुमार जमाल अख्तर और पंससों के बीच विवाद की जांच कर रहे थे। हंगामा देख निरसा थाना पदाधिकारी मानस कुमार ने ग्रामीणों को समझाया पर ग्रामीण उनकी बात मानने से इंकार कर दिये। वहीं ग्रामीणों का आक्रोश देख जांच करने आए पदाधिकारी को भी मानना पड़ा कि अबुआ आवास में गड़बड़ी हुआ है। हालांकि बाद में प्रधान लिपिक प्रकाश चंद्रा और बहादुर मुर्मू के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और वहां से चले गए।

## 80 फीसदी प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पाने को मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी : डीसी

### रेडक्रॉस भवन में अटल क्लीनिक शुरू करने का दिया सुझाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की गिरिडीह शाखा की वार्षिक आमसभा शनिवार को समाहरणालय सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा, एसडीओ विस्पुते श्रीकांत, रेडक्रॉस के चैयरमेन अरविंद कुमार, सचिव विवेश जालान, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान समेत कई सदस्य मौजूद थे। इस दौरान ब्लड बैंक के सुचारू रूप से संचालन और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रेडक्रॉस के पदाधिकारियों द्वारा डीसी सहित अन्य अधिकारियों को पौधा उपल्ब्ध कराया गया। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी और रेड क्रॉस सोसाइटी के आपसी सहयोग और समन्वय से गरीब और जरूतमंद लोगों के लिए विभिन्न




स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जाएगा। रेडक्रॉस भवन में ओपीडी सेवा और फिजियोथेरेपी सेंटर को ओर बेहतर करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को रेडक्रॉस भवन में अटल क्लीनिक शुरू करने का सुझाव दिया। साथ ही रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों को ओपीडी सेवा में टीबी और लेप्रोसी मरीजों को विशेष सुविधा देने का निर्देश दिया। कहा कि ब्लड डोनेशन का कार्य रेडक्रॉस का सबसे प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। इस दौरान डीसी ने सोसाइटी के सदस्यों से मतदाता जागरूकता अभियान में भी जिला प्रशासन को सहयोग करने का सुझाव दिया। लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि इसमें रेडक्रॉस सोसाइटी अपनी अहम भूमिका निभाए और मतदताओ को जागरूक करें। क्योंकि 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य है, जो मतदाताओं के जागरूक हुए बिना संभव नही है। बैठक में वाइस चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा, संयुक्त सचिव निकिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, कार्यकारिणी सदस्य मदन लाल विश्वकर्मा, संजय भुदोलिया, डॉ आजाद, आजीवन सदस्य संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## अपग्रेड हुआ स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील संचालित सेक्टर-3 सामुदायिक भवन को अपग्रेड कर अब इसे बीएसएल कर्मियों के लिए नए लुक के साथ स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर के तौर पर विकसित किया जा रहा है। नई सुविधाओं से सुसज्जित स्टील क्लब का शनिवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार आदि उपस्थित थे। नए रूप में परिवर्तित स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर के भू-तल पर पहले से अवस्थित स्टेज के साथ एक बड़े मल्टी-पर्पस हॉल का जीर्णोद्वार किया गया जिसका उपयोग इंडोर गेम्स के साथ अन्य कार्यक्रमों के लिए भी किया जा सकेगा। इसके अलावा टेबल टेनिस, चेस, कैरम जैसे इनडोर गेम्स के लिए अलग-अलग कमरे और एक रीडिंग रूम जैसी नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर परिसर में दो बास्केट बॉल कोर्ट की भी सुविधा है जबकि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंडोर बैडमिंटन कोर्ट निमार्णाधीन है। कालांतर में यहां एक स्विमिंग पुल की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। स्टील क्लब एवं रिक्रियेशन सेंटर में सत्र 2023-24 के लिए चार दिवसीय इंटर स्टील प्लांट कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन भी किया जा रहा है जिसका उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इसमें बीएसएल सहित राउरकेला स्टील प्लांट, आईएसपी बर्णपुर, भिलाई स्टील प्लांट, एलोय स्टील प्लांट, आरआईएनएल विशाखापटनम, टाटा स्टील, दुगार्पुर स्टील प्लांट और सेलम स्टील प्लांट की टीम भाग ले रही है। प्रथम मैच रविवार को टाटा स्टील और भिलाई स्टील प्लांट के बीच होगा। जबकि फाइनल सोमवार को संपन्न होगा।

### टुंडी प्रखंड सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

# सभी वर्गों को पेंशन योजना से जोड़ने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टुंडी।** प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें सभी वर्गों को पेंशन योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बताया जा रहा कि वर्तमान सरकार के निर्देश पर राज्य के अंदर उन सभी 50 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पेंशन योजना लागू किया जाना है। इस कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए 14 फरवरी से ही व्यापर स्तर पर


जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया।

प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जो 19 फरवरी तक चलेगा। इस कार्य के लिए उन सभी पंचायतों में 20 से 22 तक सभी पंचायत सचिवालय में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ऐसे लोगों को इस योजना के तहत लाभावित किया जाएगा। बैठक में बबलेश साव, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, मुखिया बसंत नारायण तिवारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/49/2023-24**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of New PCC Road from H/o Birendra Mehta to Kala Main Road in Hari Babu Colony in ward no.06 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 15,64,500/- | 32,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **19.02.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **29.02.2024 up to 5:00 P.M.** | | | |
| 4. | Bid Opening date | **01.03.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु०) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 319327 Urban Development and Housing(23-24)D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# सीएम नवीन पटनायक ने चौद्वार में वेलस्पन टेक्सटाइल कांप्लेक्स की आधारशिला रखी

## ■ 3000 करोड़ का निवेश, 10 हजार रोजगार के अवसर

## ■ दक्षिण और पश्चिम ओड़िशा के कपास किसानों को फायदा होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कटक चौद्वार में विश्व प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी वेलस्पन टेक्सटाइल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। इसके साथ ही चौद्वार में औद्योगिक पुनर्विकास का एक शानदार अध्याय शुरू हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चौद्वार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है। चौद्वार अपना गौरव फिर से हासिल करने जा रहा है। बीजू बाबू ने पचास के दशक की शुरुआत में चौद्वार में औद्योगिक विकास की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक बार फिर चौद्वार के लिए, कटक जिले के लिए और पूरे ओड़िशा के लिए उद्योग के क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखा गया है।

गौरतलब है कि वेलस्पन ग्रुप दुनिया की मशहूर कपड़ा निर्माता कंपनी है। यह चौद्वार में एक एकीकृत कपड़ा निर्माण सुविधा और भंडारण परिसर का निर्माण कर रहा है । इसके लिए कंपनी 3,050 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इससे 10,000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बड़े व्यावसायिक अवसर पैदा होने के साथ-साथ राज्य के औद्योगिक माहौल में सुधार होगा। 2022 मेक-इन-ओडिशा कार्यक्रम के दौरान, राज्य उद्योग विभाग और इपिकल की ओर से एक टीम, वेलस्पन समूह के अध्यक्ष बीके गोएंका को इस उद्योग को ओड़िशा में स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया था। ओडिशा की औद्योगिक नीति और अनुकूल औद्योगिक माहौल को समझते हुए समूह ने ओड़िशा में उद्योग स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उद्योग से हमारे कलाहांडी, बलांगीर, रायगडा और गजपति जैसे जिलों के कपास किसानों को भी फायदा होगा. उन्होंने कपड़ा उद्योग में महिलाओं के लिए कई अवसर होने की बात कहते हुए कहा कि इससे उनके कौशल का विकास होगा और रोजगार के कई अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेलस्पन ग्रुप पूरी दुनिया में कपड़ा उद्योग की जानी-मानी और प्रसिद्ध कंपनी है। इसके उत्पाद यूरोप, अमेरिका जैसे दुनिया के समृद्ध देशों में बड़ी संख्या में निर्यात किये जाते हैं। ऐसी कंपनी ओडिशा में आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बेहद खुशी जताते हुए कहा कि यह कंपनी निवेश और रोजगार के मामले में ओडिशा की नयी पहचान बनायेगी।



वेलस्पन ग्रुप के अध्यक्ष बीके गोएंका को ओड़िशा में निवेश करने के लिए धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वेलस्पन ग्रुप की साझेदारी ओड़िशा की विकास यात्रा में विकास का एक नया अध्याय बनायेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उद्योग की सफलता के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने यह व्यक्त करते हुए कि आज की यात्रा उद्योग के क्षेत्र में कटक जिले के विकास को उजागर करेगी, उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ओड़िशा औद्योगिक रूप से समृद्ध राज्य के रूप में दुनिया भर में प्रसिद्ध होगा।

वेलस्पन समूह के अध्यक्ष बीके गोएंका ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में ओडिशा में काफी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सपनों और कड़ी मेहनत के कारण आज ओड़िशा में ऐसा बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने राज्य सरकार की 5टी पहल के बारे में भी प्रकाश डाला और कहा कि इस नीति के कारण आज ओडिशा के सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से बेहतर हो गये हैं। भारत की अधिकांश पूंजी ओडिशा में आ रही है। उन्होंने ओड़िशा में औद्योगिक विकास के आधार पर प्रकाश डालते हुए बीजू बाबू के प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने यह व्यक्त करते हुए कि वह ओड़िशा के कपास किसानों के सुधार के लिए भी प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह ओड़िशा के औद्योगिक माहौल को और बेहतर बनाने में योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से 10 हजार प्रत्यक्ष रोजगार और 20 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री प्रताप देव ने कहा कि चौद्वार ओडिशा का पहला औद्योगिक शहर है। आज यह एक बार फिर विकास पथ पर चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के साथ-साथ बड़े पैमाने पर स्वरोजगार भी पैदा करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित होकर 5टी एवं नवीन ओड़िशा के अधक्ष कार्तिक पांडियन ने जनता से विचारों का आदान-प्रदान किया एवं विभिन्न योजनाओं के बढ़े हुए भत्ते के बारे में चर्चा की। मधुबाबू पेंशन, ममता, लक्ष्मी और कलाकार भत्ता योजना के संबंध में उन्होंने भत्ते में बढ़ोतरी के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने नुआ ओ स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छात्रों को यह स्कॉलरशिप इस महीने की 25 तारीख तक मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि कपड़ों के लिए 650 पारिवारिक घरों की समस्या है, मुख्यमंत्री ने इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम को विधायक देवी प्रसाद मिश्र, विधायक सौविक बिस्वाल ने भी संबोधित किया। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिंदल स्टील एंड पावर को मिला जल संरक्षण एवं मृदा प्रबंधन में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड

● एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओड़िशा के अंगुल में किसानों की तरक्की में योगदान के लिए मिला सम्मान







आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओड़िशा के अंगुल में किसानों की तरक्की में योगदान करने के लिए जल संरक्षण एवं मृदा प्रबंधन श्रेणी में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड - 2024 से सम्मानित किया गया है। यह परियोजना नाबार्ड (नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट) के सहयोग से चलायी जा रही है। जेएसपी को यह सम्मान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने 15 फरवरी 2024 को नयी दिल्ली में आयोजित प्रभावी सतत व्यापार प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कॉन्क्लेव ऑन इम्पैक्टफुल सस्टेनेबिल बिजनेस प्रैक्टिसेज) में कंपनी के प्रतिनिधि को प्रदान किया। ऑल इंडिया बिजनेस एंड कम्युनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में केंद्र लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील शास्त्री और वरिष्ठ राजनेता डॉ विजय जॉली की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जेएसपी ने अपने चेयरमैन नवीन जिन्दल के नेतृत्व में अंगुल जिले के तुबे, कुलेई, देरजंग, मराटीरा और मढियामुंडा गांवों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और कृषि विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जेएसपी की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने देरजंग और तुबे में वाटरशेड परियोजनाओं के माध्यम से मिट्टी का कटाव कम करने और भूजल पुनर्भरण (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) को अधिकतम करने में अभूतपूर्व सफलता पायी है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आमदनी में वृद्धि हुई है।

टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि जेएसपी स्थानीय पारिस्थितिकी में सतत सुधार का हिमायती है और यह वाटरशेड परियोजना किसानों को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने सम्मान के लिए निर्णायक मंडल का धन्यवाद किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# ओड़िशा में इस बार 3.32 करोड़ वोटर चुनाव के लिए तैयार : इसीआइ




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के साथ - साथ ओडिशा में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर एक संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने राज्य के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महान त्योहार में शामिल होने की भी अपील की है।

वहीं, ओड़िशा में इस बार 3.32 करोड़ मतदाता हैं। इनमें से 1.68 करोड़ पुरुष मतदाता हैं, जबकि 1.63 करोड़ महिला मतदाता हैं। राजीव कुमार ने बताया कि इस बार मतदाता सूची में 3380 ट्रांसजेंडर हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि 7.5 लाख से अधिक युवा मतदाता आगामी चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे, जो ओड़िशा की युवा शक्ति को दर्शाता है।

चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयोग ने जिलाधिकारियों और एसपी को सख्त निर्देश दिये हैं। मुख्य चुनाव आयोग राजीव कुमार ने कहा कि अगर कुछ गलत होता है, तो लोग इसकी सूचना आयोग को दे सकते हैं। सी-सिविल ऐप के जरिये भी शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

# सीजर रेयेस और जीएल ढोलकिया किस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ग्वाटेमाला के पूर्व उपराष्ट्रपति सीजर गुइलेर्मो कैस्टिलो रेयेस और श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक-अध्यक्ष श्री गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया को शुक्रवार को किट डीयू की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर किस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा अपने स्वास्थ्य के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सके लेकिन उन्होंने एक संदेश में छात्रों को जीवन में सफलता की कामना की। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने किस के प्रो-चांसलर प्रो अमरेश्वर गल्ला और किस के कुलपति प्रो दीपक कुमार बेहेरा की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किये। उन्हें यह पुरस्कार समाज सेवा, नेतृत्व और परोपकार के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया।




अपने स्वीकृति भाषण में ढोलकिया ने अपने जीवन में पहली बार छात्रों और शिक्षकों की इतनी बड़ी सभा को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने किस में अध्ययन करने के लिए पर्याप्त आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए छात्रों की प्रशंसा की और इस तरह के संस्थान को संभव बनाने में डॉ सामंत के प्रयासों की सराहना की। ढोलकिया ने डॉ सामंत के साथ अपनी बातचीत की तुलना उनके जीवन में दूसरे महात्मा से मिलने से की, जिसमें उन्होंने समाज में डॉ सामंत जैसे व्यक्तियों के होने के महत्व पर जोर दिया ताकि किस जैसे प्रभावशाली संस्थान बनाए जा सकें, जो बड़ी संख्या में छात्रों को शिक्षा प्रदान कर सकें।

डॉ रेयेस ने अपने भाषण में अपने देश में डॉ सामंत जैसी हस्तियों की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुझाव दिया कि ऐसे व्यक्तियों के साथ, किस जैसे शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण करना संभव होगा, जो कई छात्रों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे बड़े सपने देखें और अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें।

# इडी ने प्रफुल्ल सामल और पुत्र को भेजा समन

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज जमीन का मामला

15 को प्रफुल्ल सामल के घर पर इडी ने छापेमारी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजेडी विधायक और पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इडी ने भंडारीपोखरी विधायक प्रफुल्ल सामल और उनके बेटे प्रयासकांति सामल को समन किया है। बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज जमीन मामले में इडी का समन। इडी ने प्रफुल्ल सामल और प्रयासकांति सामल को सभी दस्तावेजों के साथ पेश होने के लिए समन भेजा है।

जानकारी के मुताबिक इडी ने 15 तारीख को प्रफुल्ल सामल के घर पर छापेमारी की थी। इडी ने 20 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन और वाहनों की खरीद से जुड़े बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज



भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल और उनके बेटे के आवास सहित राज्य में 10 स्थानों पर छापेमारी की थी। भद्रक जिले में छह और भुवनेश्वर में चार जगहों पर इडी अधिकारियों ने छापेमारी की। वहीं इस मामले में ईडी ने कल बीजेडी विधायक प्रफुल्ल सामल के बेटे के घर से पैसे समेत कार जब्त कर ली थी. ईडी ने भुवनेश्वर के पलाशपल्ली स्थित घर से महंगी कार समेत 10 लाख रुपये जब्त किये।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# सोआ ने मेगा मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 'स्केलर्ज-2024' का आयोजन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि शैक्षणिक ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन कंपनियां कोई भी भर्ती करने से पहले नौकरी चाहने वाले के रवैये, आलोचनात्मक रूप से सोचने और प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता को देखती हैं। ये ऐसे गुण हैं जो पदार्थ और प्रबंधन स्नातकों को भी विकसित करने चाहिए, जेनपैक्ट के सहायक उपाध्यक्ष करुणाकरन विनयगम ने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) में आयोजित एक दिवसीय मेगा प्रबंधन सम्मेलन सोआ स्केलर्ज-2024 में बोलते हुए कहा।

सोआ के प्रबंधन विज्ञान संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम, कॉन्क्लेव का विषय 'सीमाओं से परेः मन को सशक्त बनाना और विकास को सक्षम बनाना' था।

मुख्य भाषण देते हुए श्री विनयगम ने कहा कि प्रबंधन स्नातकों को यह समझना चाहिए कि एक व्यक्ति को आवश्यक अनुभव के बिना भी उद्योग द्वारा चुना जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल अकादमिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, जो मायने रखता है वह है आपका दृष्टिकोण, आलोचनात्मक रूप से सोचने और व्यावसायिक स्थितियों में समस्याओं को हल करने की क्षमता रखती है।

कॉन्क्लेव का उद्घाटन सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद ने की। शिक्षाविदों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को यह प्रशिक्षित करने का भी प्रयास कर रहा है कि दुनिया में चुनौतियों का सामना कैसे करें और कठिन परिस्थितियों में कैसे आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, जो राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) द्वारा देश में 15वें स्थान पर था, उनका उद्देश्य नये ज्ञान का सृजन करना, छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और समाज में योगदान करना है।

कार्यक्रम में 'कार्य का भविष्य-एमबीए पाठ्यचर्या को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ संरेखित करना' और 'करियर की सफलता के लिए सॉफ्ट स्किल विकसित करनाः नियोक्ता क्या चाहते हैं?' विषयों पर दो अलग-अलग पैनल चर्चाएं शामिल थीं।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि
रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| * Hindi | ₹ 140 | * Hindi | ₹ 140 |
| * English | ₹ 140 | * English | ₹ 140 |
| * Mathematics | ₹ 140 | * Mathematics | ₹ 140 |
| * Science | ₹ 140 | * Science | ₹ 140 |
| * Social Science | ₹ 140 | * Social Science | ₹ 140 |
| * Sanskrit | ₹ 120 | * Sanskrit | ₹ 120 |
| * Hindi – B | ₹ 140 | * Hindi – B | ₹ 80 |
| * Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | * Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| * English Grammar– II | ₹ 120 | * English Grammar– II | ₹ 120 |
| * Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | * Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| * Hindi Practical | ₹ 55 | * Hindi Practical | ₹ 55 |
| * English Practical | ₹ 55 | * English Practical | ₹ 55 |
| * Maths. Practical | ₹ 65 | * Maths. Practical | ₹ 55 |
| * Science Practical | ₹ 65 | * Science Practical | ₹ 70 |
| * S. Science Practical | ₹ 65 | * S. Science Practical | ₹ 65 |
| * Sanskrit Practical | ₹ 55 | * Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| * Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | * Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| * Science Practical (Combined) | ₹ 90 | * Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| * Mathematics | ₹ 200 | * Mathematics | ₹ 130 |
| * Science | ₹ 200 | * Science | ₹ 200 |
| * Social Science | ₹ 200 | * Social Science | ₹ 130 |
| * Maths. Practical | ₹ 80 | * Maths. Practical | ₹ 80 |
| * Science Practical | ₹ 80 | * Science Practical | ₹ 80 |
| * S. Science Practical | ₹ 80 | * S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

MSME
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**